
सतना
11 नवंबर 2024 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



खतरे में है गौतम...

@ पेज 7

# मेनिफेस्टो का दिन, गठबंधनों ने खोला 'पिटारा'

● भाजपा के संकल्प पत्र में किसानों की 'कर्जमाफी' का वादा ● सत्ता में आने पर महिलाओं को 2100 रुपए महीने की भी गारंटी ● शाह बोले-चुनाव बाद महायुति की पार्टियां मिलकर सीएम चुनेंगी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने रविवार को अपना घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) जारी किया। गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा पत्र को सार्वजनिक किया। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि हमने 25 लाख नौकरियां देने, महाराष्ट्र के पूर्ण विकास, किसानों के लिए भावांतर योजना, कर्जमाफी, स्किल सेंटर्स और महिलाओं को 2100 रुपए देने का संकल्प लिया है। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।



महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना शिंदे- अजित पवार मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। इस गठबंधन को महायुति नाम दिया गया है। शाह ने कहा, भाजपा, अजित पवार और एकनाथ शिंदे की शिवसेना गठबंधन ने अपना-अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अभी हमारे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं। चुनाव के बाद गठबंधन के तीनों सहयोगी मुख्यमंत्री पर फैसला लेंगे। अमित शाह ने कहा, महाराष्ट्र कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है।

# महाराष्ट्र चुनाव के लिए एमवीए का घोषणा पत्र, 5 गारंटी


## महिलाओं को 3 हजार रुपए महीना, बेरोजगारों को 4 हजार, 25 लाख तक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा

मुंबई (एजेंसी)। महा विकास अघाड़ी ने रविवार को महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। एमवीए ने इसे 'महाराष्ट्रनामा' नाम दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास के लिए हमारे 5 स्तंभ हैं। महाराष्ट्र का विकास और प्रगति खेती, ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार, शहरी विकास, पर्यावरण और जन कल्याण पर आधारित होगा। खड़गे ने कहा- हम 5 गारंटी दे रहे हैं और यह पूरे महाराष्ट्र के कल्याण के लिए होंगी। हम हर परिवार को सालाना 3 लाख रुपए की मदद करेंगे। महालक्ष्मी स्कीम महिलाओं को 3 हजार रुपए महीना देगी। महिलाओं के लिए बस सर्विस फ्री रहेगी। हम उन किसानों को 50 हजार रुपए देंगे, जिन्होंने अपना कर्ज वक्त पर चुकाया है। मेनिफेस्टो जारी करने के बाद खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी समेत तमाम कांग्रेस नेताओं ने लाल किताब का इस्तेमाल केवल संदर्भ के लिए किया है। यह संपूर्ण संविधान नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- मोदी ने तत्कालीन राष्ट्रपति कोविंद को भी ऐसी ही एक प्रति दी थी।




## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी का विस्तार होने के साथ ही बढ़ रही बीमारियां




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने में महज कुछ ही दिन का समय बाकी है। इससे पहले केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बागियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे फसल बढ़ती है, बीमारियां भी बढ़ती हैं। भारतीय जनता पार्टी के पास में बहुत सारी फसलें हैं, जो अच्छे अनाज के साथ-साथ कुछ बीमारियां भी लाती हैं, इसलिए हमें ऐसी बीमार फसलों पर कीटनाशकों का छिड़काव करना होगा। एक समाचार चैनल को दिए गए इंटरव्यू में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। अलग-अलग कारणों से नए लोग आ रहे हैं। उन्हें ट्रेनिंग देना, विचारधारा के बार में बताना और कार्यकर्ता बनाना हमारी जिम्मेदारी है। हमारी कोशिश लगातार जारी है।

### जजों पर सिर्फ राजनीतिक नहीं, निजी समूहों का भी रहता है दबाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि जजों पर सिर्फ राजनीतिक ही नहीं, बल्कि निजी हित समूहों का भी दबाव रहता है। उन्होंने यह बात शनिवार को दिए एक इंटरव्यू में कही। सीजेआई चंद्रचूड़ सोमवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सीजेआई ने बताया कि निजी हित समूह टीवी न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया के जरिए ऐसा माहौल बनाते हैं जिससे जजों पर एक खास तरह का फैसला सुनाने का दबाव बनता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र रहने की कीमत चुकानी पड़ती है, आपको ट्रोल किया जाएगा, आप पर हमले होंगे। न्यायिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर सीजेआई ने कहा कि सिर्फ उन्हीं फैसलों को देखकर स्वतंत्रता का आंकलन नहीं किया जाना चाहिए।

### माई लॉर्ड! मुझे बचाइए, मैं कोमा में जा सकता हूं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक की याचिका पर नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों से कहा कि वो यासीन मलिक सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल में जरूरी चिकित्सा उपचार मुहैया कराए। जिनके भूख हड़ताल का दावा किया गया है। मलिक को टेरर फंडिंग से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। जस्टिस अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने उनकी मेडिकल देखभाल की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र, दिल्ली सरकार व तिहाड़ जेल अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए स्वास्थ्य स्थिति की रिपोट भी मांगी।

# बदल रहा है मौसम, बर्फबारी को तरस रहे पहाड़

● नवंबर का पहला हफ्ता बीता, अब तक नहीं शुरू हुई बर्फबारी

● दुनिया में सबसे ऊंचाई पर बने तुंगनाथ मंदिर से बर्फ नदारद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हर साल नवंबर के पहले हफ्ते में 2000 से 4000 मीटर के बीच के हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी का एक दौर शुरू हो जाया करता है। लेकिन उत्तराखंड में दुनिया के सबसे ऊंचाई पर बने तुंगनाथ मंदिर में इस बार बर्फ का कतरा भी नजर नहीं आ रहा। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई करीब 4000 मीटर है। यही स्थिति उत्तराखंड में स्थित चारों धाम यानी केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री की है। इन क्षेत्रों में तापमान मैदानों जैसा हैं। ये हालात मानसून के बाद होने वाली बारिश कम होने से बने हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, सितंबर के बाद यहां सामान्य से 90 फीसदी बारिश कम हुई है।

इसके चलते तापमान अचानक बढ़ा। यही कारण है कि नवंबर में भी पहाड़ों का यह हिस्सा सूना है। वहीं, उत्तर भारत के कई शहरों में प्रदूषण के चलते धुंध बढ़ गई है। दिल्ली, सोनीपत, गाजियाबाद, आगरा समेत कई इलाकों में सुबह 7 बजे एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 300 के पार रिकॉर्ड किया गया। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उच्च हिमालयी क्षेत्रों में तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री ज्यादा चल रहा है। ठंड उतनी नहीं पड़ रही है, जितनी इन दिनों में हुआ करती थी।

## बेरीनाग मस्जिद विवाद ने पकड़ा तूल

### विरोध में सड़क पर उतरे हजारों लोग, प्रशासन अलर्ट

पिथौरागढ़ (एजेंसी)। देवभूमि उत्तराखंड के बेरीनाग में मस्जिद विवाद ने तूल पकड़ लिया है। इसे अवैध निर्माण बताते हुए स्थानीय लोग विरोध में सड़क पर उतर आए हैं। लोग अवैध निर्माण का पुरजोर विरोध कर रहे हैं और प्रशासन से इसको सील करने की मांग कर रहे हैं। बेरीनाग में एक घर में अवैध रूप से मस्जिद संचालित करने का आरोप लगाया जा रहा है। दरअसल, कुमाऊं क्षेत्र के पिथौरागढ़ के बेरीनाग में कथित मस्जिद को लेकर जनता के बीच आक्रोश देखने को



मिल रहा है। यहां अवैध निर्माण का स्थानीय जनता और कई हिंदूवादी संगठन पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इसी के संदर्भ में जीआईसी मैदान में रविवार को विशाल रैली निकाली गई और अवैध निर्माण को हटाने की मांग की गई। बता दें कि स्थानीय पिछले दो-तीन महीने से इस अवैध निर्माण का विरोध कर रहे हैं। नाराज लोग प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। लोगों का कहना है कि जब यहां पर निर्माण कार्य हो रहा था, तभी प्रशासन को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए थी।

# हमने झारखंड को बनाया है हम ही संवारेंगे: मोदी

**पीएम ने एक बार फिर रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा का दिया नारा**

● प्रधानमंत्री ने कहा-जब मनमोहन पीएम थे, सोनिया सरकार चलाती थीं ● कहा-कांग्रेस की जाति जनगणना जातियों को उलझाने की साजिश, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बोकारो के चंदनकियारी में सभा की। उन्होंने एक बार फिर रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा का नारा दिया। चंदनकियारी के चंडीपुर मैदान में पीएम ने कहा- भाजपा का यहां एक ही मंत्र है हमने झारखंड बनाया है हम ही संवारेंगे। इसके साथ ही उन्होंने एक रहेंगे, सेफ रहेंगे की बात को भी दोहराया।

● **कांग्रेस-झामुमो जातियों को आपस में लड़ाना चाहती है-** पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस ओबीसी की जातियों को आपस में लड़ाना चाहती हैं। ये चाहते हैं कि ओबीसी की छोटी-छोटी जातियां खुद को ओबीसी मानना छोड़ दें और अपनी-अपनी जातियों में उलझे रहें। क्या आप चाहते हैं कि यहां का ओबीसी समाज टूट जाए।

● **कश्मीर में धारा 370 के लिए साजिश रच रही कांग्रेस-** जैसे ही कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का मौका मिला, उन्होंने कश्मीर के खिलाफ अपनी साजिशें शुरू कर दीं। कुछ दिन पहले, उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में धारा 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। क्या देश इसे स्वीकार करेगा।

**सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचारियों को जेल भेजेंगे**

पीएम ने कहा- आप मुट्ठी भर बालू के लिए तरह रहे हैं। इनके (झामुमो) नेता बालू की तस्करी कर करोड़ों कमा रहे हैं। इनके पास से नोटों के पहाड़ निकल रहे। गिनते-गिनते मशीनें भी थक जा रही हैं। ये पैसे कहां से आए। यह आपके हक का नहीं है। यह आपकी जेब से लूटा गया है या नहीं। मैं आपको वादा करता हूं। सरकार बनने के बाद इन भ्रष्टाचारियों की कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए हम अदालत में लड़ाई लड़ेंगे। हरियाणा चुनाव में भाजपा की लगातार तीसरी जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा- वहां की सरकार ने तुरंत बिना खर्ची, बिना पर्ची युवाओं को नौकरी देना शुरू कर दिया है। यहां की सरकार तो खर्ची का मतलब पैसा, पर्ची का मतलब पैरवी समझती हैं। हमारी सरकार आई तो हम यहां भी बिना खर्ची, बिना पर्ची कल्चर को लागू करेंगे। हरियाणा वाले इनके झांसे में नहीं आए। आप लोगों को भी नहीं आना है।

## रूस-यूक्रेन का युद्ध रुकवाने ट्रंप का 'पीस प्लान' तैयार!

● यूरोपियन सैनिकों की तैनाती और रूस-यूक्रेन के बीच बफर जोन का है प्रस्ताव



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी चुनावों में जोरदार जीत दर्ज करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप देश के नए राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर लगातार जो बाइडन और कमला हैरिस को घेरा है।

उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन की आलोचना करते हुए ये तक कहा कि सत्ता में आने के 24 घंटों के भीतर वह रूस और यूक्रेन का युद्ध रुकवा देंगे। ट्रंप अगले साल जनवरी में जब व्हाइट हाउस लौटेंगे तो उनके सामने इस युद्ध को रुकवाने की चुनौती होगी। हालांकि ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं कि ट्रंप ने बाकायदा इस संबंध में अपना प्लान तैयार कर लिया है। द टेलीग्राफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करवाने के लिए रूसी और यूक्रेनी सेनाओं के बीच 800 मील का बफर जोन तैयार करने का प्लान किया है। इस बफर जोन लागू करने के लिए यूरोपीय सैनिकों को बुलाया जा सकता है। ट्रंप के इस 'पीस प्लान' को उनके तीन कर्मचारियों ने आउटलाइन किया है। ट्रंप के इस प्लान के अनुसार मौजूदा फ्रंट लाइन अपनी जगह पर स्थिर होगी और यूक्रेन नाटो में शामिल होने की अपनी महत्वाकांक्षा को समाप्त करने के लिए सहमत हो जाएगा। अमेरिका बफर जोन में गश्त करने और उसे लागू करने के लिए यूक्रेन को मदद नहीं देगा। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप की टीम के एक सदस्य ने कहा, हम यूक्रेन में शांति बनाए रखने के लिए कोशिश करेंगे।

# पीडीए मतलब प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी

**कटेहरी में सीएम योगी ने सपा पर चुन-चुनकर साधा निशाना**

**अंबेडकरनगर (एजेंसी)।** यूपी उपचुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा में पहुंचे। यहां भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में जनसभा के दौरान योगी आदित्यनाथ ने जहां सरकार की योजनाओं का बखान किया, वहीं विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। योगी ने सपा के पीडीए का मतलब प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी बताया।

मंच से संबोधन के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस का जो गठबंधन है, वह खतरनाक है। इसीलिए हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी सरकार बनी है। हरियाणा वाले कहते थे बंटे थे इसलिए कटे थे। 2014 के पहले कांग्रेस सरकार थी तो पाकिस्तान घुसपैठ करता था।



### एससी-एसटी पर सबसे ज्यादा हमले सपा सरकार में हुए

सीएम ने कहा कि जब हम सरदार पटेल की जयंती मना रहे थे तब समाजवादी पार्टी के मुखिया जिन्ना को याद कर रहे थे। एससी और एसटी समाज पर सबसे ज्यादा हमले सपा सरकार में हुआ। सपा वालों ने एससी-एसटी के छात्रों का स्कालरशिप भी रोक दिया था। हमारी सरकार ने यूपी में 56 लाख गरीबों को मकान दिया है। दो करोड़ 62 लाख गरीबों के घर शौचालय बन गया है। अब 70 वर्ष से ऊपर के लोगो को पांच लाख का इलाज मिलेगा।

## जम्मू-कश्मीर में तीन घंटे में दूसरा एनकाउंटर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर में रविवार सुबह महज 3 घंटे के अंदर 2 जगहों पर एनकाउंटर चल रहे हैं। पहला श्रीनगर के जबरवान इलाके में और दूसरा किश्तवाड़ के छास में। किश्तवाड़ एनकाउंटर में पैरा स्पेशल फोर्स के 3 जवान घायल हो गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि किश्तवाड़ में कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के आतंकवादी ही छिपे हैं, जिन लोगों ने 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 18 घंटों के अंदर यह तीसरी मुठभेड़ है। जबकि नवंबर महीने के 10 दिन में यह 8वां एनकाउंटर है। जिनमें अब तक कुल 8 आतंकी मारे गए हैं।

## मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड निकला आतंकी पन्नू का करीबी

### गिरफ्तारी के बावजूद कनाडा सरकार की हो रही फजीहत


**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के हिंदू मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा किए गए हमले के चलते ठंडे पड़े भारत कनाडा रिश्ते पिछले हफ्ते और ज्यादा खराब हो गए थे। कनाडा की लगातार होती फजीहत के बाद कनाडाई पुलिस हमलावरों के खिलाफ एक्शन ले रही है। खबरें हैं कि अब पुलिस ने अब इस केस में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसका नाम इंदरजीत गोसाल है। हिंदू मंदिर में हमले के मामले में गिरफ्तार गोसाल को खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी और संदिग्ध हालत में मारे गए हरदीप सिंह निज्जर के साथ काम करने वाला बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ग्रेटर टोरंटो में हिंदू मंदिर पर हमले का प्लान इंदरजीत ने ही तैयार किया था। इस मामले में हैरानी की बात यह है कि उसे कुछ समय बाद ही छोड़ दिया गया है।



## नपा क्षेत्र में अवैध वसूली

# 200 रुपए की फर्जी रसीद काट रहे कर्मचारी, ड्राइवर बोले- पैसे नहीं देने पर करते है गुंडागर्दी







**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में नगर पालिका क्षेत्र में अवैध वसूली का मामला सामने आया है। नपा क्षेत्र अंतर्गत बने पार्किंग स्थल पर खड़े होने वाले वाहनों से पार्किंग वसूली के नाम पर ठेकेदार फर्जी रसीद प्रिंट करवाकर 200 रुपए की रसीद काट रहे है। जिसमें नगरपालिका की सील और साइन भी नहीं है।

जानकारी के अनुसार नपा ने पार्किंग का ठेका सार्थक इंटरप्राइजेस को दिया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नपा अधिकारियों ने पूरी राशि जमा कराए बिना ही ठेकेदार को वसूली करने का आदेश दे दिया।

जिससे ठेकेदार शहर में विभिन्न स्थानों पर अवैध वसूली कर रहा है। इस दौरान वाहन चालकों को फर्जी रसीद थमाई जा रही है, जिनमें 200 रुपए तक की राशि प्रिंट कराई गई है। इन रसीदों में नगर पालिका की सील भी नहीं है। वसूली करने वाले कर्मचारी पार्किंग स्थल बस स्टैंड के अलावा शहर की सड़कों से गुजरने वाले वाहन चालकों को रसीदें थमाते हुए उनसे शुल्क वसूल रहे है। जिसमें निर्धारित पार्किंग शुल्क से दुगुनी राशि तक की वसूली जा रही है।

बता दें कि, चालू सत्र 2024-25 में पिछले वर्ष की राशि में 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 27 लाख 65 हजार रुपए का लक्ष्य रखा गया। इसके लिए नगर पालिका ने फरवरी में निविदा आमंत्रित की थी। वहीं रविवार को पार्किंग वसूली कार्य में लगे कर्मचारियों ने पुरानी गल्ला मंडी पहुंचे 6 पहिया वाहन (केएल84ए7368) की 200 रुपए की रसीद काट दी। इसी ट्रक नंबर (यूपी78एफटी1020) की 200 रुपए और ट्रक (यूपी78सीटी4555) की 200 रुपए की रसीद काटी गई।

**नियम विरुद्ध हुई टेंडर प्रक्रिया:** नियमानुसार नगरीय क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका के पार्किंग स्थल बनाए गए है। वहीं से वसूली होना चाहिए। लेकिन, नगरपालिका के द्वारा टैंडर प्रक्रिया में शहर स्थिति पार्किंग स्थलों का जिक्र नहीं किया गया है। जबकि, इससे पहले होने वाले टेंडरों में आदेश में बस स्टैंड क्रमांक-1 और 2 से वसूली करने का आदेश दिया जाता था। लेकिन, अब आदेश में नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत वसूली का आदेश दिया गया है।

**6 स्थानों से हो रही अवैध वसूली:** शहर में वैसे तो नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड क्रमांक 1 और 2 में ही पार्किंग स्थल बनाया गया है। लेकिन ठेकेदार के कर्मचारी नौगांव रोड में ट्रांसपोर्ट नगर, क्रिश्चियन स्कूल के पास, महोबा बायपास रोड, पुरानी गल्ला मंडी सहित 6 स्थानों पर अवैध वसूली करने लगे है। वहीं वाहन चालकों का आरोप है कि, शुल्क नहीं देने पर ठेकेदार के कर्मचारी उन्हें धमकाते है।

**इस प्रकार होना चाहिए वसूली:** टेंडर प्रक्रिया में पार्किंग वसूली की दरें निर्धारित की गई है। जिसमें प्रति बस 24 घंटे में 20 रुपए, पिकअप ट्रैक्टर-ट्राली- 25 रुपए, ट्रक 6 पहिया- 50 रुपए, ट्रक 10 पहिया- 100 रुपए राशि निर्धारित की गई है। लेकिन ठेकेदार की ओर से पिकअप और चार पहिया वाहनों से 100 रुपए और बड़े वाहनों से 200 रुपए की राशि वसूली जा रही है।

**ड्राइवर बोले- पैसे नहीं देने पर करते है गुंडागर्दी:** कानपुर निवासी ड्राइवर महेश ने बताया कि वह चिप्स भर कर छतरपुर ट्रक से लाए है। उनकी 6 चक्का गाड़ी है, नगर पालिका के कर्मचारियों ने जबरन 200 रुपए की रसीद काटी है। जबकि, अन्य जिलों में केवल 50 रुपए की रसीद काटी जाती है। पैसे नहीं देने पर गुंडा गिरी करते है और घंटों वाहन को रोकते हैं। वहीं, पर्ची में सील और साइन भी नहीं है।

इसी प्रकार ड्राइवर एहसान खान ने बताया कि वह कानपुर से ट्रक में दाल भरकर छतरपुर लाए हैं। यहां नगर पालिका कर्मचारियों ने उनके ट्रक की 200 रुपए की रसीद काटी है। जबकि, केवल 10 चक्का ट्रक की 100 रुपए की रसीद काटी जानी थी। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने की धमकी देते हैं।

ड्राइवर सिहाबुद्दीन ने बताया कि उसकी 6 चक्का गाड़ी है, जिसका नंबर (केएल84ए7368) है। उस पर नगर पालिका कर्मचारियों ने 200 रुपए की रसीद काटी है। उसके पास नकदी नहीं होने पर गाड़ी को 1 घंटे तक रोका गया। जिसके के बाद उसने उधार पैसे लेकर रसीद कटवाई।

**कलेक्टर बोले- जांच के बाद करेंगे कार्रवाई:** मामले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया कि इस संबंध में आपके माध्यम से जानकारी लगी है। जल्द ही दिखवाकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जबकि, नगरपालिका सीएमओ दिनेश तिवारी ने फोन नहीं उठाया।

---

## थाना रामपुर नैकिन क्षेत्र की घटना

## पुलिस ने नाबालिग अपहृता को खोज कर परिजनों को सौंपा




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मध्य प्रदेश शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा महिलाओ व बच्चों के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा द्वारा जिले भर में अपहृत बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया जिस तरताम्य में खड्डी पुलिस द्वारा एक अपहृता को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। 3 नवम्बर को फरियादी चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी नाबालिक लड़की उम्र 16 वर्ष 2 नवम्बर सुबह दुकान जा रही हूं कह कर गई लेकिन वापस नहीं आई। आस पास के गांव घर नाते रिस्तेदारी में सभी जगह पता किये किन्तु उसका कोई पता नहीं चला। लगता है मेरी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन में घारा 137/2 भारतीय न्याय संहिता का अपराध कायम कर तलास विवेचना में लिया गया। दौरान पता तलाश दिनांक 10 नवंबर को अपहृता करगिल थाना जमोड़ी में होने की मुखबिर से सूचना मिलने पर उसे दस्तयाब किया जाकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी एवं चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत का सराहनीय योगदान रहा।

## साप्ताहिक कांबिंग गस्त में फरार 50 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

### 34 गुण्डा व 16 निगरानी बदमाशों को दी हिदायत




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में शनिवार एवं रविवार के दरम्यानी रात एक बार पुनः साप्ताहिक कांबिंग गस्त का विशेष अभियान चलाकर 07 स्थाई वारंट एवं 43 गिरफ्तारी वारंट कुल 50 वारंट तमिल किए गए हैं। साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान 34 गुण्डा बदमाश एवं 16 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। सीधी पुलिस ने हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों में जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए हैं। उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उपर्युक्त लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी, जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक फिर 50 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष्य पेश किया गया।

## कार्तिकेय मंदिर में आयोजित हुआ सुंदरकांड



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कार्तिक महीने के आखिरी शनिवार को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री गुरु बजरंग संघ मातृशक्ति प्रदेश संयोजिका गुड़िया पांडे एवं टीम के द्वारा कार्तिकेय मंदिर वेटरिनरी हॉस्पिटल के पास सुंदरकांड का पाठ किया गया। जहां मुख्य रूप से शशिभा पांडे, मीरा सिंह, चंद्रमुखी सिंह, पुष्पा सिंह, उर्मिला द्विवेदी, हेमलता द्विवेदी, मीनू सिंह, गायत्री सिंह, विमला तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 22 मरीज चित्रकूट हुए रवाना




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** न्याधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में रविवार को ऋषिकेश फ़ाउंडेशन द्वारा ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध हनुमानगढ़ में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बताया गया कि यह 28वॉं नेत्र परीक्षण शिविर था। विगत माह जिन मरीज़ों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया था। उनका फालोअप चेकप करने के उपरांत निःशुल्क चस्में एवं आई ड्राप वितरित किए गए। जिन मरीज़ों को ज़रूरत थी उन्हें मोतियाबिंद के निःशुल्क आपरेशन हेतु चित्रकूट रवाना किया गया।

## झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से बिगड़ी बच्चे की तबीयत

### शरीर में इन्फेक्शन फैला, जिला अस्पताल भर्ती

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक 3 साल के बच्चे की हालत बिगड़ गई। उसके पूरे शरीर में इन्फेक्शन फैल गया। बच्चे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झोलाछाप डॉक्टर बिजावर का है। मामला बिजावर का है, जहां रहने वाले यश पिता परम कुशवाहा उम्र 3 साल को शुक्रवार को पेट में दर्द हुआ। बच्चे के पिता परम कुशवाहा ने बताया कि यश के पेट में दर्द हुआ, जिसके बाद उसे गांव के डॉक्टर पास ले गए। उन्होंने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे यश के शरीर में फुंसियां निकल आई और शरीर में खुजली होने लगी।

---

## जंगल में गला घोंटा, फंदे पर लटकाकर सुसाइड दिखाया

### प्रेमिका ने पिता-बेटे के साथ मिलकर किया ठेकेदार का मर्डर, बोली- ब्लैकमेल करता था

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर पुलिस ने 31 अक्टूबर को जंगल में दिलीप यादव नाम के व्यक्ति का शव मिलने के मामले में खुलासा किया है। दिलीप की हत्या उसी की प्रेमिका ने अपने पिता और नाबालिग बेटे के साथ मिलकर की थी। सुसाइड दिखाने के लिए शव को फंदे पर टांग दिया। युवक महिला को ब्लैकमेल कर रहा था। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने शनिवार को युवक की प्रेमिका कलावती पाव (35), उसके पिता बारेलाल पाव (63) और 16 वर्षीय बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन से बात कर मामले को समझा।

**जंगल में महुआ के पेड़ पर लटका मिला था शव:** 31 अक्टूबर यानी दिवाली की सुबह संदीप यादव निवासी ग्राम बिजौड़ी ने कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। बताया कि उसका मामा दिलीप यादव (35) पिता प्रीतम यादव निवासी वनगवां 30 अक्टूबर की शाम से लापता है। उसने बताया कि दिलीप पेशे से ठेकेदार है। बिल्डिंग बनाने के कॉन्ट्रैक्ट लेता है। पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस ने दिलीप की मोबाइल लोकेशन चेक की। लोकेशन ग्राम भोलगढ़ के जंगल में मिली। सर्चिंग में दिलीप का शव जंगल में महुआ के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। गले में नाखून और गर्दन में पीछे चोट के निशान मिले। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि युवक की मौत गला घोंटने से हुई है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की।

**कॉल डिटेल से अवैध प्रेम संबंध का खुलासा:** पुलिस ने दिलीप और संदेहियों के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल निकाली। पता चला कि जिस नंबर से आखिरी बार दिलीप की बात हुई थी, वह कलावती पाव का है। उसका पति बैजनाथ पाव निवासी भोलगढ़ दिलीप यादव के यहां दो साल पहले मजदूरी करता था। इसी के चलते उसका बैजनाथ के घर आना-जाना था। इसी दौरान कलावती और दिलीप के बीच दोस्ती हो गई। पिछले दो साल पहले बैजनाथ काम करने मुंबई चला गया। कॉल डिटेल में पता चला कि लगातार दो साल से इस नंबर पर देर रात तक बातचीत होती थी। दोनों भोलगढ़ के पास जंगल में मिलते थे। इसके बाद बारेलाल और कलावती से पूछताछ की गई। दोनों पहले तो बरगलाने लगे। सख्ती करने पर आरोपी ने वारदात कबूल कर ली।

**दिलीप को मिलने बुलाया और गला घोंट दिया:** पुलिस के मुताबिक 30 अक्टूबर की शाम कलावती ने कॉल करके दिलीप को घर के पीछे भोलगढ़ के जंगल में बुलाया। यहां दिलीप को बातों में लगा लिया। इसी दौरान पिता बारेलाल और बेटे ने पीछे से आकर दिलीप को पकड़ लिया। दोनों ने मिलकर दिलीप का गला घोंट दिया। उसकी मौत हो गई। हत्या को सुसाइड बताने के लिए पास में लगे महुआ के पेड़ पर गमछे का फंदा बनाकर टांग दिया, जिससे लगे कि ठेकेदार ने फांसी लगाई है। जांच में पता चला कि जिस गमछे से दिलीप का शव लटका था, वह उसका नहीं था, बल्कि कलावती के पिता बारेलाल का है।

## समिति प्रबंधक हुए गिरफ्तार, 1 करोड़ से ज्यादा रुपए गबन करने का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के बरका थानाक्षेत्र में रविवार को एक करोड़ से ज्यादा का घोटाला के आरोपी समिति प्रबंधक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 2023-24 में धान खरीदी के दौरान एक करोड़ से ज्यादा का गबन करके फरार चल रहा था।

बरका चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सूरज सिंह ने बताया कि 11 फरवरी 2024 को उपयुक्त सहकारिता द्वारा थाने में इस बात की सूचना दी गई थी। 2023-24 में धान खरीदी केंद्र बरका क्रमांक एक और दो में समिति प्रबंधक उदय पाल सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर विमलेश द्विवेदी सहित दो लोगों ने मिलकर 4594 क्विंटल धान की हेराफेरी करके एक करोड़ 28 लाख रुपए की शासकीय राशि का गबन किया है। इस रिपोर्ट पर थाने में अपराध दर्ज किया था। मामले की विवेचना चल रही थी।

इसी विवेचना के दौरान आज समिति प्रबंधक उदय पाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सूरज सिंह, उप निरीक्षक एसके सोनवानी, आरक्षक मनीष ठाकुर और जितेंद्र अहिरवार की भूमिका अहम है।

## शहडोल-रीवा मार्ग पर ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, चालक की मौके पर मौत, सेमरा पुलिया के पास हुआ हादसा

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल के गोहपारू थाना क्षेत्र के शहडोल रीवा मार्ग पर सेमरा पुलिया के पास रविवार को एक ट्रक और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया है।

**तेज रफ्तार ट्रक ने दो युवकों को कुचला:** पुलिस के अनुसार बाइक में सवार भोगराज सिंह (23) निवासी अमझोर अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर घर जा रहा था। तभी सेमरा पुलिया के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को कुचल दिया। जिससे भोगराज की मौके पर मौत हो गई। बाइक में सवार दूसरा युवक इस घटना में गंभीर घायल हुआ है। घटना देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तक तक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों ने पुलिस की सहायता से अस्पताल भिजवाया है। जहां घायल का इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद शहडोल-रीवा मार्ग में कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी। जानकारी मिलने के बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त बाइक को सड़क से हटवाया है।

## राष्ट्र संत दत्तोपंत ठेगडी की जन्म शताब्दी समारोह का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** स्वदेशी जागरण मंच जिला के तत्वावधान में संघ कार्यालय माधव सदन के सभागार में आयोजित राष्ट्र संत दत्तोपंत ठेगडी की जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्र के मुख्य आतित्थ्य, मुख्य वक्ता पुष्पराज सिंह विभाग संघचालक, विशिष्ट अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्र एड सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच तथा रामनरेश शुक्ल जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ भारती व भारत मॉ के सपूतो को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ हुआ।

इसके बाद मुख्य अतिथि व अन्य वक्ताओ का माल्यार्पण व प्रमोद कुमार मिश्र द्वारा अतिथियो का स्वागत भाषण किया गया। पुष्पराज सिंह विभाग संघ चालक ने संत ठेगडी के जीवनी व कृतत्व व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने संत ठेगडी की जीवनी व कार्यकर्ता निर्माण, मजदूरों, किसानों, ग्राहकों व स्वदेशी की आवश्यकता व गठन की बात कही। तथा श्री ठेगडी के सन्देश को गाव-गाव व जन जन तक पहुंचने की बात कही। अध्यक्षता कर रहे रामनरेश शुक्ल ने सभी अतिथियो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ, विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, अधिवक्ता परिषद, भाजपा, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, लघु उद्योग भारती सहित कई संगठनों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमे प्रमुख रूप से विजय सिंह, अरबिन्द शुक्ल, रंजना मिश्र, श्रद्धा सिंह, पुष्पा सिंह, संतदास शुक्ल, जीपेन्द पाण्डेय, भगवान प्रकाश शुक्ल,डॉ देवेन्द्र त्रिपाठी, सूरज द्विवेदी, गुरू प्रसाद शुक्ल, रामशुसील शुक्ल, अजय कुमार शास्त्री सहित भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## 40 क्विंटल धान जलकर राख आगजनी का कारण अभी अज्ञात

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** ब्योहारी के खड्डा गांव में खलिहान में कटी रखी धान की फसल में आग लग गई। जिससे किसान का हजारों का नुकसान हुआ है। घटना के बाद किसान ने मामले की जानकारी पुलिस के साथ दमकल कर्मियों को दी। जानकारी के बाद पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया जब तक फसल राख हो गई थी। घटना रविवार की है।

खड्डा गांव के नाका टोला के रहने वाले दीपक पटेल अपने खेतों में धान की फसल लगाए थे। फसल पकने के बाद उसे काटकर खलिहान में रख दिया था। जिसमें रविवार की दोपहर अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई।

इस दौरान 40 क्विंटल से अधिक धान जलकर राख हो गई। खलिहान में रखी फसल के लिए मशीन का इंतजार था। धान की गहाई के लिए लेकिन मशीन आने में समय लग रहा था। लेकिन आज ये हादसा हो गया।

# देवउठनी एकादशी के अवसर पर बाल विवाह रोकने हेतु कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

### बाल विवाह की सूचना जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 07822 251144 में दी जाए

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले में लाडो अभियान अंतर्गत बाल विवाह रोकने हेतु अनुविभागीय स्तर पर कोर ग्रुप एवं तहसील स्तर पर विशेष उड़नदस्तों का गठन किया गया है। 11 एवं 12 नवम्बर 2024 ‘‘देव उठानी‘‘ के अवसर पर बाल विवाह मुहूर्तो के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्पन्न होते हैं, जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना को निर्देशित किया है कि इस अवसर पर एवं पूरे वर्ष विवाह आयोजनों पर निगरानी रखते हुए बाल विवाह रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देशित किया है कि प्रत्येक ग्रामध्वार्ड में बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने सूचना तंत्र का गठन किया जावे। सूचना तंत्र में शिक्षक, ए.एन.एम, आशा कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह की सदस्य, शौर्यादल की अध्यक्ष/समन्वय/सदस्य, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति, सरपंच, पंच, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्रामध्वार्ड के सक्रिय नागरिक आदि हो सकते है। सूचना तंत्र ग्रामध्वार्ड हो रहे विवाहों की जानकारी रखेंगे तथा बाल विवाह होने पर कंट्रोल रूम/बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी (कलेक्टर, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग) को तत्काल सूचित करेंगे। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर एक कन्ट्रोल रूम बनाया जाकर दूरभाष क्रमांक 07822 251144 सूचना दी जाये। कंट्रोल रूम में उपयोग में लाए जा रहे दूरभाष नम्बर का प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप, दीवार लेखन, आदि के माध्यम से किया जावे। कंट्रोल रूम में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संबंधित क्षेत्र के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को सूचित करेंगे।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी एवं अन्तर्विभागीय समन्वय से जिला स्तर एवं परियोजना स्तर पर आवश्यकतानुसार एक या अधिक उड़न दस्ता गठित किया जावे। उड़न दस्ता अपने क्षेत्र में हो रहे सामूहिक विवाह, विवाह स्थलों का भ्रमण करेंगे तथा सुनिश्चित करेंगे कि कोई बाल विवाह तो सम्पन्न नहीं किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान बाल विवाह की सूचना अथवा बाल विवाह होता पाया जाने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत कार्यवाही करेंगे। पुलिस थाना, चाइल्ड लाईन-1098, महिला हेल्पलाईन 181 कलेक्टर/अनुविभागीय कार्यालय, जिला/परियोजना कार्यालय (आईसीडीएस), बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के दूरभाष नम्बर, कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर एवं विभिन्न विभागों के स्थानीय अधिकारियों के दूरभाष नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का स्कूल/कॉलेज, डीटीएफ/एनजीओं के माध्यम से सघन प्रचार-प्रसार किया जावे।

जिला एवं खण्ड स्तर पर विवाह में सेवा देने वाला सेवा प्रदाताओं जैसे प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई केटर्स, धर्मगुरू, बैन्डवाला, ट्रान्सपोर्ट एवं समाज के मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं की एक कार्यशाला आयोजित की जावे। कार्यशाला के माध्यम से संवेदीकरण कर बाल विवाह में अपनी सेवायें देने की अपील की जावे। सामूहिक विवाह करने वाले आयोजकों से शपथ पत्र प्राप्त करें कि वे अपने आयोजनों में बाल विवाह संपन्न नहीं कर रहे है और न ही करेंगे। प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई केटर्स, धर्मगुरू, बैन्डवाला, ट्रान्सपोर्ट एवं समाज के मुखिया से अनुरोध किया जावे कि वर/वधु की उम्र संबंधी प्रमाण-पत्र प्राप्त कर परीक्षण के उपरांत ही विवाह में सेवायें प्रदाय करें। बाल विवाह की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में माहवार एवं आयोजित कार्यशाला का प्रतिवेदन मय फोटोग्राफ सहित जिला कार्यालय को प्रेषित करें।

# विचार

## भारत में विकास का अध्याय आगे बढ़ता जाएगा

हाल में लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी और सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे।

इसी तरह हाल में वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर, 2024 में कहा गया है कि वैंकि चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घट कर 4.0 फीसद होगी जबकि भारत की विकास दर 6.3 फीसद से अधिक रहेगी। वस्तुत- भारत के पास उपभोक्ताओं का उभरता हुआ विशाल बाजार, युवाओं में जबरदस्त ढंग से आगे बढने् की ललक, उद्यमिता की भावना और सुधार का रवैया वैंकि संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए नये अवसरों का आधार है। गौरतलब है कि विगत 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन और इस्त्रइल-ईरान युद्ध की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। मोदी ने कहा कि दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया में भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन के मामले में पहले क्रम पर है। इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दूसरे क्रम पर है। स्टार्टअप के मामले में तीसरे क्रम पर है, और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में चौथे क्रम पर है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और मूडी'ज जैसी वैंकि एजेंसियां भी वैंकि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत को दुनिया की सबसे विसनीय और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ निवेश के पसंदीदा देश के रूप में देख रही हैं। यद्यपि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैंकि अर्थव्यवस्था में गिरावट का दौर बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में वैंकि विश्वास और तेज विकास के मद्देनजर देसी उद्यमियों के साथ वैंकि उद्यमियों के लिए भी बढ़ते अवसरों का परिदृश्य उभर कर दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल में दुनिया की ख्याति प्राप्त वित्तीय सेवा फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि सितम्बर, 2024 के दौरान भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए खुद को निवेश की पसंदीदा जगह बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी नई रिपोर्ट-2024 में कहा है कि भारत आर्थिक विकास, विदेशी निवेश और नई तकनीकों के उपयोग की ऊंची संभावनाओं वाला देश है।

# ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से निपटना होगी बड़ी चुनौती

**अमरीका के राष्ट्रपति-निर्वाचित डोनाल्ड ट्रप का कहना है कि "मेरे लिए शदकोश में सबसे सुंदर शद 'टैरिफ' है। यह मेरा पसंदीदा शद है। इसके लिए एक जनसंपर्क फर्म की जरूरत है।" तो ट्रप के इस पसंदीदा शद टैरिफ से दुनिया के देश आर्थिक रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। चीन तो निशाने पर है ही, सवाल यह है कि या भारत इससे अछूता रह पाएगा? या ट्रप मोदी की दोस्ती का लिहाज करेंगे? ट्रप की जीत और भारत : व्यापार नीतियों पर अपने सत रुख के लिए जाने जाने वाले ट्रप ने पहले भी भारत को 'टैरिफ का दुरुपयोग करने वाला' करार दिया था। ट्रप ने भारत पर आरोप लगाया था कि वह अमरीकी वस्तुओं पर अनुचित रूप से उच्च आयात शुल्क वसूलता है।**



**हर्ष रंजन**

उनके पिछले कार्यकाल में दोनों पक्षों की ओर से टैरिफ में बढ़ौतरी देखी गई। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति निर्वाचित होने के साथ ही भारतीय निर्यातक और नीति निर्माता संभावित बदलावों के लिए अंदर ही अंदर व्यथित भी हैं और इससे निपटने की तैयारी भी कर रहे हैं। भारत-अमरीका व्यापार पर एक नजर = अमरीका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक सांझेदारों में से एक है। दोनों देश एक-दूसरे के साथ सामानों और सेवाओं का आयात-निर्यात करते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि भारत अमरीका को निर्यात ज्यादा करता है और वहां से आयात कम करता है। बिजनैस और फाइनांस की भाषा में इसे भारत के लिए 'ट्रेड सरप्लस' कहते हैं। भारत और अमरीका के बीच वर्तमान व्यापार लगभग 150 बिलियन डॉलर है। भारत अमरीका को कई तरह के उत्पाद निर्यात करता है जिनमें कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स, मशीनरी और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं शामिल हैं। इनकी कीमत सालाना लगभग 85 बिलियन डॉलर है। दूसरी ओर, भारत अमरीका से लगभग 65 बिलियन डॉलर मूल्य के सामान आयात करता है, जिनमें तेल, विमान, मशीनरी और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। दोनों देशों को इस आयात-निर्यात से लाभ होता है।

टैरिफ को समझिए- सीधे शब्दों में कहें तो टैरिफ आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला कर है। सरकारें आयातित वस्तुओं को अधिक महंगा बनाने के लिए टैरिफ का उपयोग करती हैं। ऐसा करने के पीछे मकसद यह होता है कि उपभोक्ता अपने देश में बने सामानों को ही खरीदें, जिससे घरेलू बाजार को तेजी मिले। हालांकि यह टैरिफ कभी-कभी व्यापारिक भागीदारों के साथ तनाव का कारण बनता है, जैसा कि ट्रम्प के पिछले राष्ट्रपति पद के दौरान अमरीका के साथ हुआ था।

हार्ले-डेविडसन प्रकरण- 2018 में ट्रम्प ने अमरीकी मोटरसाइकिलों पर भारत के आयात शुल्क, विशेष रूप से हार्ले-डेविडसन बाइक पर लगाए गए 100 प्रतिशत टैरिफ को बड़ा मुद्दा बना दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि बजाज और रॉयल एनफील्ड जैसे भारतीय मोटरसाइकिल ब्रांड बेहद कम टैरिफ के साथ अमरीकी बाजार में हैं, जबकि हार्ले-डेविडसन को भारत में भारी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जो अनुचित है। अमरीकी दबाव में भारत ने अंतत- हार्ले-डेविडसन मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया था।

भारत के लिए संभावित चुनौतियां- ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में अमरीकी उद्योगों की रक्षा के व्यापक कदम के तहत भारतीय वस्तुओं, विशेष रूप से स्टील और एल्यूमिनियम पर अतिरिक्त शुल्क लगाए गए थे। संभावना है कि वह इसी तरह के शुल्क फिर से लागू कर देंगे, जिससे वे भारतीय निर्यातक प्रभावित होंगे, जो अमरीकी बाजार पर निर्भर हैं। भारतीय उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाने से वे अमरीका में अधिक महंगे हो जाएंगे, जिससे उनके सामानों की मांग कम हो जाएगी। भारत में छोटे और मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई.), जो निर्यात में बड़े हिस्से का योगदान करते हैं, विशेष रूप से तनाव में हैं। ऐसा इसलिए कि वे अक्सर कम मार्जिन पर काम करते हैं। वहीं, भारत भी जवाबी कार्रवाई के तौर पर अमरीकी आयातों पर टैरिफ बढ़ाने का विकल्प चुन सकता है। हालांकि, इस रणनीति की अपनी सीमाएं हैं, क्योंकि यह एक पूर्ण 'व्यापार-युद्ध' में बदल सकता है, जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके अलावा, अमरीकी वस्तुओं पर उच्च टैरिफ से भारतीय उपभोक्ताओं और अमरीकी आयात पर निर्भर व्यवसायों के लिए कीमतों में वृद्धि होगी। चुनौती इन उपायों को घरेलू अर्थव्यवस्था और अमरीका के साथ व्यापक व्यापारिक संबंधों की रक्षा करने की आवश्यकता के साथ संतुलित करने में है।

हाल के वर्षों में भारत के रणनीतिक हित अपने व्यापार पोर्टफोलियो में विविधता लाने, अन्य देशों के साथ मजबूत संबंध बनाने और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों के तहत घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने पर रहे हैं। हालांकि, अमरीका एक अपूरणीय व्यापारिक सांझेदार बना हुआ है और कोई भी व्यापार बाधा उन क्षेत्रों को प्रभावित कर सकती है, जिनका अमरीकी बाजारों के साथ लंबे समय से संबंध है, जैसे कि आई.टी. सेवाएं, फार्मास्यूटिकल्स और टैक्सटाइल। इसके अतिरिक्त कई भारतीय कंपनियों ने अमरीका में महत्वपूर्ण निवेश कर रखा है। अमरीका के साथ किसी भी तरह की व्यापार बाधा आगे के निवेश और सांझेदारी के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती है। भारत इन संभावित प्रभावों को कम करने के लिए यूरोपीय संघ, पूर्वी एशिया और अफ्रीका जैसे अन्य क्षेत्रों के साथ व्यापार संबंधों को और फैलाने और मजबूत करने पर विचार कर सकता है। क्या व्यापार संबंधी कड़वाहट अपरिहार्य है = अपने 'अमरीका फर्स्ट' बयान के बावजूद, ट्रम्प ने दोनों पक्षों को लाभ पहुंचाने वाले सौदों पर बातचीत करने में भी रुचि दिखाई है। अतीत में, भारत और अमरीका ने व्यापार बाधाओं को कम करने के लिए चर्चा की है और यह संभव है कि वे दोनों देशों के हितों को संतुलित करते हुए एक मध्यम मार्ग पर पहुंच सकें। भारत के लिए कूटनीतिक पहुंच महत्वपूर्ण होगी। अमरीकी व्यवसायों, सांसदों और उद्योग जगत के प्रमुख लोगों के साथ संबंधों को मजबूत करने से सद्भावना को बढ़ावा मिल सकता है। एक ऐसा गठबंधन बन सकता है जो संतुलित व्यापार नीतियों की वकालत करता हो।

निष्कर्ष = दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों का इतिहास बताता है कि बातचीत और कूटनीति कभी-कभी सबसे कठोर रुख को भी नरम कर सकती है। भारत की प्रतिक्रिया रणनीतिक होनी चाहिए, जिसमें अपने आर्थिक हितों की रक्षा और एक प्रमुख वैश्विक भागीदार के साथ सकारात्मक संबंध बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। यह देखना बाकी है कि क्या दोनों देश टैरिफ और व्यापार की जटिलताओं को दूर कर सकते हैं, ताकि अपनी दीर्घकालिक सांझेदारी को मजबूत कर सकें, न कि कमजोर।

## बीमार समाज और खराब वातावरण

दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में लगातार गिरावट जारी है। जो पांच सौ के पार जा चुकी है। वायु प्रदूषण के इस स्तर को खतरनाक से भी खतरनाक वाले स्तर पर बताया जा रहा है।

आंकड़ों के अनुसार राजधानी के आसमान पर धूल की मोटी परत छाई हुई है। दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का पीएम 2.5 बाताया गया, जो वि स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से पैंसठ गुना अधिक खतरनाक पाया गया। इस गंभीरता को इससे समझा जा सकता है कि शून्य से पचास को अच्छा व 51 से सौ को संतोषजनक माना जाता है। जो बढ़ते-बढ़ते 401-450 के बीच गंभीर व 451 से ऊपर बेहद गंभीर माना जाता है। खबरें हैं कि उन्हें सन संबंधी समस्याओं के अलावा खांसी जैसी समस्याएं आम हैं। गले में खुश्की और खराश की शिकायतें भी खूब की जा रही हैं। दिवाली में जलाए गए पटाखों से उठा धुंआ भी इस अचानक खतरनाक हुई हवा का कारण बताया जा रहा है। पटाखों को प्रतिबंधित करने तथा लगातार जागरूकता फैलाने के बावजूद कोई खास असर होता नहीं नजर आ रहा।

# हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में कतरे जा सकते हैं कइयों के पर

**राहिल नोरा चोपड़ा**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हिमाचल प्रदेश में जिला और ब्लॉक इकाइयों के साथ-साथ पूरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पी.सी.सी.) इकाई को भंग कर दिया है। अब सरकार में बदलाव की अगली कतार लग गई है। सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जा सकता है। इकाई के पुनर्गठन के तहत पार्टी प्रमुख प्रतिभा सिंह के पर कतरे जा सकते हैं। कांग्रेस हाईकमान हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला को भी बदलने की तैयारी में है। यहां पार्टी संसदीय चुनाव में 4 में से एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। राज्य में राज्यसभा सीट जीतने के लिए पर्याप्त संख्या होने के बावजूद कांग्रेस जीत नहीं पाई और हार गई।

सपा की 'होर्डिंग वार' = 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर जुबानी जंग के बीच समाजवादी पार्टी ने एक नया नारा गढ़ा है, 'न बंटेंगे न कटेंगे, एक हैं और एक रहेंगे।' इसका जवाब देने के लिए लखनऊ में सपा मुख्यालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की एक साथ तस्वीरों वाले पोस्टर लगाए गए और पूर्व में यू.पी. के जातिगत मुद्दों पर ध्यान वापस लाने का प्रयास किया गया। सपा के होर्डिंग में आगे लिखा था, 'बंटेंगे तो गैस सिलैंडर 1200 में मिलेगा। एक होंगे तो 400 रुपए में मिलेगा।' एक अन्य होर्डिंग में लिखा था, 'गंगा-जमुना तहजीब को न ही बंटने देंगे, न ही समाज की एकता को काटने देंगे।' इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में अपना नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' दोहराने के बाद, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने गुरुवार को कहा कि राज्य के लोग इस तरह की टिप्पणियों की सराहना नहीं करते हैं। अजीत पवार ने कहा कि महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज, राजर्षि शाहू महाराज और महात्मा फुले का है। आप महाराष्ट्र की तुलना अन्य राज्यों से नहीं करें, महाराष्ट्र के लोगों को यह पसंद नहीं है। बिहार में एक और राजनीतिक दल = प्रशांत किशोर द्वारा जनसभा की शुरुआत के साथ ही राज्य में एक और राजनीतिक पार्टी आप सब की आवाज (ए.एस.ए.) का उदय हो गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह ने पिछले महीने अपनी नई पार्टी की घोषणा की थी, जब उन्होंने जद (यू) को छोड़ दिया। संयोग से 66 वर्षीय सिंह कुर्मी जाति से आते हैं, जो अन्य पिछड़ा वर्ग में आती है और पटेल को अपना आदर्श मानते हैं। नीतीश भी इसी जाति से हैं। बिहार की आबादी में कुर्मी करीब 3 प्रतिशत हैं, लेकिन आर्थिक रूप से संपन्न हैं। उन्हें जमींदारों में गिना जाता है, वे सामाजिक-राजनीतिक रूप से जागरूक हैं और उन्हें ऊपर की ओर बढने् वाला माना जाता है। आर.सी.पी. सिंह, जिन्होंने बिहार के शराबबंदी कानून और बिगड़ती सार्वजनिक शिक्षा की आलोचना की और अपनी आवाज उठाई, अगले चुनाव में 243 विधानसभा सीटों में से 140 पर उम्मीदवार उतारने का लक्ष्य रखते हैं। आर.सी.पी. और प्रशांत दोनों ही एक समय में सी.एम. नीतीश कुमार के सबसे करीबी सहयोगी थे, लेकिन अब दोनों ही राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। जरांगे का हैरानीजनक कदम = एक आश्चर्य पैदा करते हुए, मराठा कोटा कार्यकर्त्ता मनोज जरांगे-पाटिल ने महाराष्ट्र विधानसभा के निर्णायक



चुनावों से नाम वापस ले लिया, लेकिन उन्होंने कहा कि वह 20 नवंबर को होने वाले चुनावों में 10-15 उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे। इस कदम से कांग्रेस, शरद पवार के नेतृत्व वाली एन.सी.पी. (श.प.) और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यू.बी.टी.) सहित विपक्ष को लाभ मिलने की उम्मीद है क्योंकि इससे भाजपा विरोधी वोटों का विभाजन रुकेगा। हालांकि, जरांगे-पाटिल ने यह स्पष्ट किया कि मराठा आरक्षण की मांग से जुड़ा अभियान जारी रहेगा। दूसरी ओर, महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. के खराब प्रदर्शन के पीछे मराठा वोटों को एक प्रमुख कारक के रूप में देखा गया, जहां कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गुट ने प्रमुखता से बढ़त हासिल की।

राज्य की कुल आबादी में मराठा 30.33 प्रतिशत हैं। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) के बीच मुकाबला द्विध्रुवीय माना जाता है। भाजपा वर्तमान में सत्तारूढ़ महायुति के बैनर तले अजीत पवार के नेतृत्व वाली एन.सी.पी. और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ गठबंधन में है। शिवसेना (यू.बी.टी.), एन.सी.पी (शरद पवार) और कांग्रेस विपक्षी एम.वी.ए. गठबंधन का हिस्सा हैं।

महायुति के बीच लड़ाई = महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना होगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना, भाजपा और अजीत पवार की एन.सी.पी. से युक्त सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के बीच लड़ाई शुरू हो गई है, जो सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है। वहीं शिवसेना (यू.बी.टी.), एन.सी.पी. (श.प.) और कांग्रेस की विपक्षी एम.वी.ए. बहुमत हासिल करने और मौजूदा सरकार को गिराने की आकांक्षा रखती है। शिवसेना (यू.बी.टी.) के उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें पुरुष छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को स्थिर करने और धारावी पुर्नवकास परियोजना को खत्म करने का आश्वासन दिया गया है। ठाकरे ने कहा कि अगर एम.वी.ए. सत्ता में आती है, तो यह कोलीवाड़ा और गाथोन के कलस्टर विकास को खत्म कर देगी। दूसरी ओर राकांपा (श.प.) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं और विपक्षी एम.वी.ए. आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के बाद उन्हें यह विकल्प देने की दिशा में काम करेगी। पवार ने देश में जाति जनगणना की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग का भी समर्थन किया।

# शराबबंदी की शिकायत पर सरपंच के बेटे को पीटा

## 4 गांव की महिलाओं ने घेरा थाना, कहा-पुलिस ने कार्रवाई के बजाए डराया-धमकाया

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में शराबबंदी की शिकायत करने पर एक महिला सरपंच के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके बेटे से मारपीट की गई। जिसके बाद रविवार को करीब 4 गांव की 30 से ज्यादा महिलाएं कोतरा रोड थाना पहुंची और थाना का घेराव कर दिया।

उनके पक्ष में पूर्व मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल समेत पूर्व विधायक प्रकाश नायक भी पहुंच गए।






जानकारी के मुताबिक कोसमपाली की सरपंच अनसुईया उरांव, खैरपुर, कलमी और कोसमनारा की महिलाएं गुरुवार को गांव में बनने वाली अवैध शराब को बंद कराने के लिए एक बैठक की थी। जिसके बाद इसकी शिकायत कोतरा रोड थाना में की गई। तब पुलिस मामले में गांव पहुंचकर कार्रवाई भी की।

इसके बाद गांव के गोपाल चौहान और उसके बेटे आयुष चौहान शनिवार की शाम को सरपंच अनसुईया उरांव के घर पहुंचे। शराबबंदी को लेकर शिकायत करने की बात पर विवाद करने लगे। विवाद बढ़ गया और गोपाल चौहान और उसके बेटे आयुष ने महिला सरपंच के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके बेटे की पिटाई कर दी।

**झूठे केस में फंसा देने की दी धमकी:** कोसमपाली की सरपंच अनसुईयां उरांव ने बताया कि गांव की महिलाओं ने उनसे गांव में बिकने वाली अवैध शराब की शिकायत की थी। जिसके बाद सभी एकजुट होकर अवैध शराब को बंद कराने के लिए कोतरा रोड थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था।

उसी दिन पुलिस गांव पहुंची और कार्रवाई करते हुए अवैध शराब को पकड़ा। इसके बाद गांव की 18 समिति की महिलाएं घर-घर जाकर चेक किया गया कि कार्रवाई के बाद कहीं फिर से शराब तो नहीं बनाया जा रहा है।

इस दौरान अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों ने महिलाओं से गाली-गलौज करते हुए दोबारा घर आने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। महिला सरपंच ने यह भी बताया कि बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट भी की गई। इसकी शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की, उल्टा उन्हें फंसाने की धमकी थी। जिसके बाद वे रविवार को थाने पहुंची है।

**उमेश पटेल ने कहा पुलिस आरोपी को सरंक्षण दे रही:** इस मामले में पूर्व मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा कि उन्हें फोन के जरिए सूचना मिली कि कोसमपाली की महिलाओं के साथ थाने में दुर्व्यवहार हो रहा है। उन्होंने बताया कि कल शाम रिपोर्ट लिखाने पहुंची महिलाओं को टीआई ने उल्टा उन्हीं के ऊपर एफआईआर हो जाने की बात कही। इस वजह से आज भारी संख्या में महिलाएं थाने पहुंची है।

उमेश पटेल ने कहा कि महिलाओं का आरोप है कि शराब कारोबारियों ने सरपंच के बेटे के साथ मारपीट की गई है और पुलिस आरोपी को संरक्षण दे रही है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से पुलिस का जनता के प्रति रवैया गलत हो गया है।

शराब माफियाओं को जिस तरह से संरक्षण दिया जा उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांव में जिस तरह महिलाएं संगठित हैं, इन्हें तोड़ने के साथ ही डराने-धमकाने का काम किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस यदि एकतरफा कार्रवाई करेगी तो हम भी आगे एक्शन लेंगे।

**शराब की कोचियागिरी बढ़ गई- प्रकाश नायक:** रायगढ़ के पूर्व विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है। तब से शराब की कोचियागिरी बढ़ गई है। इन महिलाओं ने पहले कोतरा रोड थाने के अलावा एसपी आफिस में शिकायत की थी।

जिसके बाद थाने से एक टीम गांव पहुंची थी। इस शिकायत के बाद शराब कोचिये ने महिला सरपंच के बेटे पर हमला कर दिया था जिससे वह घायल हो गई थी। कुल मिलाकर यह भाजपा की सरकार में आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है।

**जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी:** इस संबंध में कोतरा रोड थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी का कहना है कि महिलाओं ने आवेदन दिया है। अभी एक पक्ष का आवेदन आया है और मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। पुलिस लगातार गांव-गांव पहुंचकर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई भी लगातार जारी रहेगी।

# बस्तर फाइटर के जवान ने किया सुसाइड

## छुट्टी पर गांव गया था, सोते समय अपनी पिस्टल से मारी गोली, 2 महीने में 7वीं मौत



**कोंडागांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में बस्तर फाइटर के जवान ने शनिवार की रात खुदकुशी कर ली। जवान ने बेड पर अपनी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। एसपी वाय अक्षय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। घटना उरन्दाबेड़ा थाना इलाके की है। मौके पर पिस्टल और मोबाइल भी बरामद किया गया है। घटना की सूचना पर फरसगांव एसडीओपी अनिल विश्वकर्मा और केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह मौके पर पहुंच गए हैं।

**छुट्टी पर गांव गया था जवान:** बताया जा रहा है कि, जवान हरीलाल नागकी धनोरा थाने में पोस्टिंग थी। वह फरसगांव ब्लॉक के बारदा गांव का रहने वाला था। हरीलाल छुट्टी पर अपने गांव गया था, वहीं उसने खुद को गोली मारी है। फिलहाल खुदकुशी की वजह का खुलासा नहीं हुआ है।

**2 महीने के अंदर यह 7वां माामला:** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के जवानों के सुसाइड करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले 5 जवान अपनी जान दे चुके हैं। वहीं एक पुलिस कॉन्स्टेबल की हालत गंभीर रही। इनमें एसएसबी का कॉन्स्टेबल और सीआरपीएफ का हेड कॉन्स्टेबल भी शामिल हैं।

## नशे में बेटे ने मां को पीटा, फिर बीच सड़क हंगामा

# खुद को बताया ब्रम्हा-विष्णु-महेश का अवतार, तो लोगों ने की पिटाई




**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में शराबी बेटे ने अपनी मां की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद सड़क पर खड़े होकर हंगामा करने लगा। नशे में धुत युवक कहता रहा कि, मैं ब्रम्हा-विष्णु-महेश का अवतार हूं। जिस पर लोगों ने उसे बेदम पीटा। वहीं, मां की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, दशरथ राठौर (21) दंतेश्वरी वार्ड का रहने वाला है। युवक की मां ने पुलिस को बताया कि, 31 अक्टूबर को शराब पीने के लिए उसने पैसे मांगे। जब पैसे देने से मना किया, तो उसने पिटाई की, फिर घर की टीवी भी तोड़ दिया। बैग लेकर कहीं चला गया था। इसके बाद 8 नवंबर को घर लौटा था। मां से फिर शराब के लिए पैसे मांगे। इस बार हाथ में धारदार हथियार पकड़ा था। जब पैसे नहीं दिए तो दोबारा पिटाई कर दी। महिला का कहना है कि, वो किसी तरह अपने घर से निकलकर पुलिस थाने पहुंची है।

**सड़क पर निकलकर किया बवाल:** पुलिस के घर पहुंचने से पहले ही युवक सड़क पर निकलकर बवाल करने लगा। अजीब हरकतें करने लगा। खुद को ब्रम्हा-विष्णु-महेश का अवतार बताकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा। युवक की इस करतूत के बाद लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। युवक की करतूत का वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**गिरफ्तार कर भेजा गया जेल:** इस मामले में थाना प्रभारी लीलाधर रौठार ने बताया कि, युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से धारदार हथियार बरामद किया गया। उसे जेल भेज दिया गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# नेशनल हाईवे-30 पर ट्रक-बस के बीच टक्कर, 7 यात्री घायल

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे-30 पर बस और ट्रक की टक्कर हो गई है। हादसे में बस में सवार 7 यात्रियों को चोट आई है, जिनका केशकाल में इलाज चल रहा है। हालांकि सभी की स्थिति ठीक है। मामला केशकाल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बस बीजापुर से रायपुर जा रही थी। इसी बीच सुबह केशकाल में सड़क किनारे खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार 7 यात्री घायल हो गए। हादसे की जानकारी जब पुलिस को मिली तो जवान मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को मौके से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि सभी की स्थिति ठीक है। यात्रियों में कोई बीजापुर का तो कोई रायपुर का रहने वाला है।

# पहली बार नक्सल इलाके में कैंप हटने का विरोध

## ग्रामीण बोले-कैंप शिफ्ट होगा तो नक्सली फिर आएंगे, रातभर धरने पर बैठे रहे

**मीडिया ऑडीटर, कांकेर एजेंसी।** बस्तर संभाग के नक्सल इलाकों में अक्सर कैंप खुलने का विरोध होता आया है। गांव के लोग फोर्स के आने के खिलाफ खड़े होते हैं लेकिन पहली बार पुलिस कैंप हटने का विरोध हुआ है। कांकेर में कैंप के शिफ्ट होने पर रात में ग्रामीण सड़क पर उतर आए।

बताया जा रहा है कि, सीएसबी कैंप को कहीं और शिफ्ट किया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण चाहते हैं कि कैंप बंद न हो। ग्रामीणों का कहना है कि, कैंप हटने से गांव में फिर नक्सल हावी हो सकते हैं। मामला लोहत्तर थाना ?इलाके के ?दुर्गूकोंदल ब्लॉक के जाड़ेकुर्से गांव का है।



**12 गांव के लोग सड़क पर बैठे:** ग्रामीणों का कहना है कि, कैंप हटने से गांव का विकास फिर रुक जाएगा। ग्रामीणों ने सुरक्षाबल से कैंप न हटाने की मांग की है। कैंप हटाने के विरोध में करीब 12 गांव के ग्रामीण प्रदर्शन पर बैठे हैं। पहले तो आईजी और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद सभी वापस लौट गए।

इसके बाद शनिवार को सुरक्षाबल जाने की तैयारी को लेकर ट्रकों में सामान लोड कर रहे थे। यह देख जवानों को रोकने ग्रामीण फिर धरने पर बैठ गए। रात भर ग्रामीण ठंड के बीच अलाव जलाकर धरने पर बैठे रहे।

**कैंप हटाने जेसीबी लाने की तैयारी में थे जवान:** ग्रामीण संतोष जैन ने बताया कि, शनिवार शाम को कैंप हटाने जेसीबी लाया जा रहा था। सूचना मिलते ही ग्रामीण फिर धरने पर बैठे हैं। जब तक लिखित आदेश नहीं मिल जाता, तब तक धरने पर बैठे रहेंगे। क्योंकि, अब भी नक्सलियों से खतरा बना हुआ है। अंदर के गांवों में नक्सली आते हैं। कैंप हटते ही नक्सली वापस घुस आएंगे।

**4 साल पहले गायब हुआ आरक्षक नहीं मिला:** गांव वालों का कहना है कि, 4 साल पहले इलाके से एक सहायक आरक्षक गायब हुआ था। वो अब तक नहीं मिला है। गांव वालों को आशंका है, उसे नक्सली उठा ले गए हैं। पहले नक्सली जनअदालत लगाकर लोगों की पिटाई करते थे।

**कैंप शिफ्ट होगा तो हमें दिक्कत होगी:** कुछ और ग्रामीणों ने कहा कि, अब कैंप लगने के बाद ग्रामीण शांति से रहने लगे हैं। ग्रामीणों के बच्चे पढ़ाई भी करने लगे। अब हर घर से कोई न कोई 12वीं पास कर चुका है। इलाके में सड़क, पुल सहित मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को मिल रही है। कैंप चला जाएगा तो हमें दिक्कत होगी।

**2008 में खुला था सीएसबी कैंप:** कांकेर के दुर्गूकोंदल इलाके के नक्सल प्रभावित इलाके में 2008 में सीएसबी कैंप खोला गया था। इस इलाके में नक्सलियों ने कई वारदातों को अंजाम दिया है। इसे देखते हुए सरकार ने छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का कैंप लगाया था। कैंप लगने के बाद नक्सल वारदात में कमी आई। अब कैंप को हटाकर दूसरे इलाके में शिफ्ट किया जा रहा है।

# 15 दिनों तक केशकाल घाट से आवाजाही बंद

## जर्जर सड़क को ठीक करने शुरू होगा काम, अलग-अलग वाहनों के लिए डायवर्ट रूट जारी

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे 30 पर स्थित केशकाल घाट से अब 15 दिनों तक आवाजाही बंद रहेगी। 10 नवंबर से घाट में सड़क निर्माण का काम शुरू किया जा रहा है जो 25 नवंबर तक चलेगा। ऐसे में रायपुर से जगदलपुर और जगदलपुर से रायपुर जाने वाले यात्रियों को परिवर्तित मार्ग से आवाजाही करनी पड़ेगी।

**सड़क पूरी खराब:** छत्तीसगढ़ में रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे- 30 पर बस्तर के केशकाल घाट की स्थिति बदतर है। इस घाट के करीब 10 मोड़ की साढ़े 4 किमी की सड़कें अधिकतर जगह से उखड़ चुकी है। यही वजह है कि ओवर लोडेड ट्रक, ट्रॉली आए दिन बेकाबू होकर पलट जाते हैं। इस घाट में महीने में 10 से ज्यादा बार जाम भी लगता है। जिसका सीधा नुकसान राहगीरों को उठाना पड़ता है।



**6 करोड़ की लागत से होगा काम:** केशकाल घाट की सड़कों की मरम्मत के लिए हर साल एवरेज 70 लाख रुपए खर्च किए जाते हैं। इसके बाद भी बारिश आते-आते सड़कें बदहाल हो जाती हैं। एनएच के ईई आरके गुरु के मुताबिक, नारायणपुर लौह खदान से हर दिन सैकड़ों ट्रक चल रही है। जिससे सड़क पर लोड बढ़ गया है। यही वजह है कि सड़क बार-बार उखड़ रही है। आर. के गुरु का कहना है कि 6 करोड़ रुपए की लागत से 10 मोड़ की साढ़े 4 किमी की सड़क बनेगी। लगभग 4 इंच का डामर बिछेगा। इससे बार-बार सड़कें नहीं उखड़ेंगी।

# नवजात को सड़क किनारे छोड़ गए, गर्म कपड़े, दूध और डायपर भी रखा मिला

**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव एजेंसी।** कोंडागांव जिले के बहीगांव में एक नवजात बच्चा सड़क किनारे पड़ा मिला। ग्रामीणों ने सुबह टहलते समय तालाब के किनारे बच्चे को देखा और तुरंत उसे बहीगांव अस्पताल पहुंचाया। बच्चे के पास एक थैले में दूध पाउडर, डायपर और गर्म कपड़े भी रखे हुए थे।

सूचना मिलते ही बीएमओ डॉ. डीके बिसेन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है, जिसके बाद उसे बेहतर देखभाल के लिए सीएचसी केशकाल भेजा गया। वहां बच्चे की उचित देखभाल और उपचार की व्यवस्था की गई है।

**नर्स-डॉक्टर बच्चे की देखभाल में जुटे:** थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि बच्चा लगभग एक माह का है और उसके साथ सभी जरूरी सामान रखा हुआ था। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है, जिसमें अवैध संबंध की आशंका को भी नकारा नहीं जा सकता। अस्पताल में नर्स-डॉक्टर सभी बच्चे की देखभाल कर रहे हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## दो बाइकों के बीच आमने-सामने टक्कर

# 2 युवकों की मौत, एक घायल, मेला से घर जाते समय हुआ हादसा



**मीडिया ऑडीटर,जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के अमलीडीह और पिरदा गांव के बीच दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हुई है, वहीं एक युवक घायल है। घटना सुबह करीब 8.30 बजे की है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी अनुसार ग्राम पिरदा में तीन दिवसीय अखिल भारती राम नवमी भजन मेला चल रहा है। जहां दो भाई लोकेश चंद्र और लक्की चंद्र दोनों मेले में दुकान लगाए हुए थे। जिसे बंद कर एक बाइक में सवार होकर दोनों भाई अपने घर खाना खाने के लिए निकले थे।

**दोनों बाइकों में आमने-सामने टक्कर:** दूसरी बाइक पल्सर में भागवत सतनामी मेला देखने के लिए अकेले जा रहा था। बाइक तेज रफ्तार होने के कारण दोनों बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। तीनों एक दूसरे से दूर सड़क में जा गिरे। हादसे में एक युवक लोकेश चंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं लक्की चंद्र और भागवत सतनामी को गंभीर रूप से चोट आई है। भागवत सतनामी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

**दोनों बाइकों के उड़े परखच्चे:** घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पहुंची ओर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई।

# नवजात शिशु का मिला शव

## व्यस्त सड़क के किनारे किसी ने झाड़ियों में फेंका, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, धमतरी एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में शनिवार को नवजात शिशु का शव खाली प्लाट में झाड़ियों के बीच मिला है। पास में ही शीतला मंदिर भी है, जहां पर रोड से लोगों का दिन भर आना जाना लगा रहता है। इसकी जानकारी लगते ही लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेजा दिया है।

दरसअल, शहर का दानिटोला वार्ड में भारी व्यस्त मार्ग है। यही रोड किनारे एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। बिलाई माता मंदिर से शीतला मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग दानिटोला की ओर रोड पर खाली प्लाट में नवजात शिशु के शव को झाड़ियों के बीच फेक दिया गया था।

**ऑटो पार्ट्स के कर्मचारी ने देखी लाश:** जितेंद्र साहू ने बताया कि, उनकी ऑटो पार्ट्स की दुकान है। कर्मचारी अपने घर से खाना खाकर लौट रहा था, तभी अचानक नवजात शिशु के शव पर उसकी नजर पड़ी। उसने ऑटो सेंटर के मालिक को सूचना दी। उन्होंने पुलिस को तत्काल फोन कर इसकी जानकारी दी।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस:** सिटी कोतवाली थाना प्रभारी राजेश मरई ने बताया कि, नवजात शिशु के शव को बरामद कर लिया गया है। पंचनामा कर पीएम के लिए मरचुरी में शिफ्ट किया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

# बुजुर्ग महिला से 3.41 लाख की ठगी

## नया एटीएम जारी करने के बहाने मांगा ओटीपी, 2 किस्तों में निकाले रुपए


**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर की 69 वर्षीय बुजुर्ग से 3 लाख 41 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बुजुर्ग महिला ने राजेन्द्र नगर थाने में लिखित शिकायत की है। बुजुर्ग महिला ने अपनी शिकायत में बताया अज्ञात व्यक्ति ने कॉल काल करके नया एटीएम जारी होने की बात कही थी।

पीड़िता ने बताया कि उनका नया एटीएम जारी होने की बात कहकर साइबर ठग ने उनका ओटीपी पूछा और उनके बैंक खाते से दो किस्तो में कुल 3,41,000 रुपए निकाल लिए गए। पीड़िता ने बताया कि बैंक का प्रतिनिधि बनकर जानकारी ली गई और पहली बार में 2 लाख रुपए और दूसरा बार में 1 लाख 41 हजार रुपए उनके खाते से निकाल लिए गए।



**पुलिस ने 420 का अपराध दर्ज किया:** पीड़िता निशा कांति शालिनी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है। जिस नंबर से ओटीपी मांगा गया था उसे ट्रेस किया जा रहा है।

**पीड़िता भोपाल की रहने वाली:** अपनी शिकायत में पीड़िता निशा कांति शालिनी ने बताया कि वे मूलतः भोपाल के अरेरा कालोनी की निवासी है। जो पिछले 16 सालों से मारुती रेसीडेंसी अमलीडीह रायपुर मे रह रही है। 15 अप्रैल को उन्हे एक नंबर से कॉल आया था। जिस खाते से उनके पैसे कटे हैं वह स्टेट बैंक आफ इंडिया हबीबगंज ब्रांच भोपाल में है।



# पॉश एरिया में मिली लड़की की सड़ी-गली लाश

## कुत्ता खोपड़ी लेकर दौड़ा तो खुला राज, मार कर अंडर-कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में छिपाने की आशंका

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** राजधानी रायपुर के पॉश एरिया में एक लड़की की लाश सड़ी-गली हालत में मिली है। शव एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में मिला है। कुत्ते जब शव के अंग को पकड़कर सड़क पर दौड़े तब लोगों की नजर उस पर पड़ी। मामला राजेंद्र नगर थाना इलाके का है।

जानकारी के मुताबिक, कलर्स मॉल के पास सन एंड सन बिल्डर कंपनी की अंडर कंस्ट्रक्शन साइट है। शनिवार की रात सात 7 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली कि वहां से तेज बदबू आ रही है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो वहीं पास में एक इंसान की खोपड़ी पड़ी हुई थी। आसपास कुत्ते घूम रहे थे। लोगों ने बताया कि कुत्तों ने खोपड़ी को बाल के सहारे सड़क पर लाया था।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में स्पेशल फोर्सेस का जवान शहीद

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में 2 पैरा स्पेशल फोर्सेस के जूनियर कमीशन ऑफिसर राकेश कुमार शहीद हो गए। 3 जवान घायल हैं। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच किश्तवाड़ में केशवान के जंगलों में रविवार सुबह 11 बजे से ये एनकाउंटर जारी है। अधिकारियों के मुताबिक यहां कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के 3-4 आतंकवादी छिपे हैं, इन लोगों ने 7 नवंबर को 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी। किश्तवाड़ के अलावा श्रीनगर के जबरवान इलाके में भी आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटों के अंदर यह तीसरी मुठभेड़ है। जबकि नवंबर महीने के 10 दिन में यह 8वां एनकाउंटर है। जिनमें अब तक कुल 8 आतंकी मारे गए हैं। सोपोर में 3 आतंकी किए गए ढेर इससे पहले बारामूला के सोपोर में 9 नवंबर की शाम को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया था। 8 नवंबर को भी सुरक्षाबलों ने सोपोर में ही दो आतंकियों को मार गिराया था।

# दिल्ली में कनाडाई दूतावास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कनाडा के ब्रैम्पटन में 4 नवंबर को हिंदू मंदिर पर हमला हुआ था। इस घटना के विरोध में रविवार (10 नवंबर) को दिल्ली में हिंदू सिख ग्लोबल फोरम के कार्यकर्ताओं ने कनाडाई दूतावास तक विरोध मार्च निकाला। सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठनों और फोरम के कार्यकर्ताओं ने मंदिर पर हुए हमले का विरोध किया। प्रदर्शनकारी हिंदू और सिख एकजुट हैं और भारतीय कनाडा में मंदिरों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे थे। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए दूतावास के बाहर बैरिकेडिंग की और जवानों को तैनात किया। पुलिस ने दूतावास से पहले तीन मूर्ति मार्ग पर भी बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोका, लेकिन लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया। वहीं, हिंदू मंदिर पर हुए हमले मामले में कनाडाई पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा है। इसमें सिख फॉर जस्टिस के टॉप कार्यकर्ता इंद्रजीत गोसल को भी पकड़ा था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। सिख फॉर जस्टिस संगठन पर भारत में प्रतिबंध है।

# अजित पवार बोले-बटेंगे तो कटेंगे नारा महाराष्ट्र में नहीं चलेगा

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बीच डिप्टी सीएम और भाजपा-शिवसेना गठबंधन महायुति में शामिल अजित पवार ने कहा कि, बटेंगे तो कटेंगे का नारा उत्तर प्रदेश और झारखंड में चलता होगा, महाराष्ट्र में नहीं चलेगा। मैं इसका समर्थन नहीं करता। हमारा नारा है- सबका साथ सबका विकास। दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झारखंड और महाराष्ट्र की रैलियों में बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो नेक रहेंगे का नारा दे रहे हैं।

# मोदी बोले- जब मनमोहन पीएम थे, सोनिया सरकार चलाती थीं

**रांची ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 दिन में रविवार को दूसरी बार झारखंड पहुंचे। उन्होंने बोकारो के चंदनकियारी और गुमला में सभा की। उन्होंने एक बार फिर रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा का नारा दिया। कहा- भाजपा का यहां एक ही मंत्र है हमने झारखंड बनाया है हम ही संवारेंगे। उन्होंने यूपीए 2004 से 2014 तक केंद्र में रही कांग्रेस नीत यूपीए सरकार का भी जिक्र किया। मोदी बोले- जब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं। उन्होंने झारखंड को कुछ नहीं दिया। राज्य बनने का भी विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस और उसके सहयोगी जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 वापस लाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाए। उनका ये सपना कभी पूरा नहीं होगा। हमनें 370 को जमीन में गाड़ दिया है। अब ये इसे कभी नहीं लागू कर पाएंगे। मोदी ने कांग्रेस के जातिगत जनगणना करवाने के वादे पर कहा- कांग्रेस सत्ता के लालच में छोटी-छोटी जातियों को बांटकर उन्हें आपस में लड़ाना चाहती है। इसलिए वे जातिगत जनगणना कराने की बात करते हैं। याद रखिए हम एक रहेंगे,



सेफ रहेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस ओबीसी की जातियों को आपस में लड़ाना चाहती हैं। ये चाहते हैं कि ओबीसी की छोटी-छोटी जातियां खुद को ओबीसी मानना छोड़ दें और अपनी-अपनी जातियों में उलझे रहें। क्या आप चाहते हैं कि यहां का ओबीसी समाज टूट जाए? आपको मंजूर है? अगर टूट गए तो आपकी आवाज कमजोर होगी या नहीं? इसलिए हमें यह याद रखना है, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। वो ऐसा इसलिए करना चाहते हैं, क्योंकि ये चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। 1990 कांग्रेस कभी लोकसभा में 250 सीट नहीं जीत पाई है। मोदी बोले- जैसे ही कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेस गठबंधन को जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का मौका मिला, उन्होंने कश्मीर के खिलाफ अपनी साजिशें शुरू कर दीं।

कुछ दिन पहले, उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में धारा 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया।

# महाराष्ट्र- भाजपा के संकल्प पत्र में किसानों की कर्जमाफी



**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र जारी करने के मौके पर बाएं से पीयूष गोयल, महाराष्ट्र डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, गृह मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने रविवार को अपना घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) जारी किया। गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा पत्र को सार्वजनिक किया। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि हमने 25 लाख नौकरियां देने, महाराष्ट्र के पूर्ण विकास, किसानों के लिए भावांतर योजना, कर्जमाफी, स्किल सेंटर्स और महिलाओं को 2100 रुपए देने का संकल्प लिया है। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना शिंदे-एनसीपी अजित पवार मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। इस गठबंधन को महायुति नाम दिया गया है।

# एयरपोर्ट पर खाने-पीने की चीजें 60-70 प्रतिशत सस्ती मिलेंगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एयरपोर्ट पर खाने-पीने की चीजें किफायती दाम पर भी मिलेंगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया इसके लिए हवाई अड्डों पर किफायती जोन अनिवार्य करने जा रहा है। यानी हर एयरपोर्ट पर कुछ स्थान किफायती जोन के रूप में आरक्षित होगा, जहां यात्री सस्ते में खाने-पीने का सामान खरीद सकेंगे। एएआई के अधिकारियों का कहना है कि इन आउटलेट्स पर खाने-पीने का सामान लगभग 60-70 फीसदी तक सस्ता मिलेगा। अभी एयरपोर्ट पर एक चाय लगभग 125-200 रुपए तक की मिलती है, लेकिन किफायती जोन में यह 50-60 रु. के बीच मिल सकेगी। हां, इतना जरूर है कि महंगे रेस्तरां की तरह सर्विस और क्वांटिटी का अंतर होगा। यानी बैठने की जगह स्टैंडिंग टेबल लगी होगी। छोटे कप या गिलास में चाय दी जाएगी। फुल मील की जगह कॉम्पैक्ट मील होगा। पैकिंग की बेसिक क्वालिटी में सामान उपलब्ध होगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है, लंबे समय से यात्री और हर राज्य के जनप्रतिनिधि शिकायत करते रहे हैं कि एयरपोर्ट पर खाने-पीने का सामान इतना महंगा होता है कि आम यात्री नहीं खरीद पाते।

# गडकरी बोले- फसल बढ़ने पर बीमारियां भी बढ़ती हैं

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग के 11 दिन पहले केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बागियों को लेकर बयान दिया है। गडकरी से शनिवार को एक इंटरव्यू में बागियों के भाजपा जॉइन करने को लेकर सवाल किया गया था। इसके जवाब में गडकरी ने कहा- भाजपा का तेजी से विस्तार हो रहा है। जैसे-जैसे फसल बढ़ती है, उसके साथ बीमारियां भी बढ़ती हैं। भाजपा के पास बहुत सारी फसलें हैं, जो अच्छी पैदावार देती हैं, लेकिन कुछ बीमारियां भी लाती हैं। इसलिए हमें ऐसी बीमार फसलों पर कीटनाशकों का छिड़काव करना होगा। गडकरी ने कहा कि भाजपा में अलग-अलग कारणों से



नए लोग आ रहे हैं। उन्हें ट्रेनिंग देना, विचारधारा के बारे में बताना और कार्यकर्ता बनाना हमारी जिम्मेदारी है। एक हजार कार्यकर्ता खड़े होते हैं, लेकिन कभी-कभी एक कार्यकर्ता कुछ कह देता है और उन हजार कार्यकर्ताओं की मेहनत खराब हो जाती है। गडकरी से सवाल किया गया कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में हार के बाद नड्डा और अमित शाह ने महाराष्ट्र भाजपा के नेताओं के साथ कई बैठकें कीं, लेकिन इन बैठकों में वे मौजूद नहीं थे। इस पर गडकरी ने कहा- मेरी महाराष्ट्र में कोई भूमिका नहीं है। यहां के नेता सक्षम हैं। उन्हें जब भी मेरी जरूरत होगी, मैं उपलब्ध रहूंगा। गडकरी ने इंटरव्यू में आगे कहा कि सरकार और प्रशासन को धर्मनिरपेक्ष होना चाहिए। कोई व्यक्ति कभी धर्मनिरपेक्ष हो या ना हो, लेकिन राज्य, सरकार और प्रशासन को धर्मनिरपेक्ष होना चाहिए।

# जवान ने बच्चे की हत्या की

**भरूच ( एजेंसी )।** गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर शहर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक कॉन्स्टेबल ने अपने पड़ोसी के 8 साल के बच्चे की हत्या कर दी। कॉन्स्टेबल शैलेंद्र राजपूत शेयर मार्केट में घाटा होने के कारण भारी कर्ज में डूबा था। कर्ज उतारने के लिए उसने बच्चे का अपहरण किया और उसे एक संदूक में बंद कर दिया। जिससे बच्चे का दम घुट गया और उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद भी सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल 5 लाख की फिरौती के लिए उसके पिता को फोन करता रहा।

# आज शपथ लेंगे नए सीजेआई संजीव खन्ना

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस संजीव खन्ना भारत के 51वें चीफ जस्टिस बनेंगे। वे कल 11 नवंबर को सीजेआई के पद की शपथ लेंगे। संजीव खन्ना की विरासत वकालत की रही है। उनके पिता देवराज खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे हैं। वहीं चाचा हंसराज खन्ना सुप्रीम कोर्ट के मशहूर जज थे।

उन्होंने इंदिरा सरकार के इमरजेंसी लगाने का विरोध किया था। साथ ही राजनीतिक विरोधियों को बिना सुनवाई जेल में डालने पर भी नाराजगी जताई थी। 1977 में वरिष्ठता के आधार पर उनका चीफ जस्टिस बनना तय माना जा रहा था, लेकिन जस्टिस एमएच बेग को सीजेआई बनाया गया। इसके विरोध में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से इस्तीफा दे दिया। इंदिरा की सरकार गिरने के बाद वह चौधरी चरण सिंह की सरकार में 3 दिन के लिए कानून मंत्री भी बने थे।

संजीव खन्ना अपने चाचा से प्रभावित थे, इसलिए उन्होंने 1983 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैंपस लॉ सेंटर से एलएलबी की। इसके बाद जस्टिस खन्ना ने दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट से वकालत शुरू की। फिर दिल्ली सरकार के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और दीवानी मामलों के लिए स्टैंडिंग काउंसल भी रहे। स्टैंडिंग काउंसल का आम भाषा में अर्थ सरकारी वकील होता है। साल 2005 में जस्टिस खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज बने। 13 साल तक दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहने के बाद 2019 में जस्टिस खन्ना का प्रमोशन सुप्रीम कोर्ट के जज के बतौर हो गया।


संजीव खन्ना का हाईकोर्ट जज से प्रमोट होकर सुप्रीम कोर्ट का जज बनना भी विवादों में रहा था। 2019 में जब सीजेआई रंजन गोगोई ने उनके नाम की सिफारिश की, तब जजों की सीनियॉरिटी रैंकिंग में खन्ना 33वें स्थान पर थे। गोगोई ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट के लिए ज्यादा काबिल बताते हुए प्रमोट किया।

# भारत की मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के लिए 500 करोड़ की केंद्रीय योजना

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत सरकार ने हाल ही में मेडिकल डिवाइस उद्योग को मजबूत करने के लिए केंद्रीय योजना शुरू की है, जिसके तहत ?500 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जे. पी. नड्डा ने इस योजना का उद्घाटन करते हुए स्वीकार किया कि इस क्षेत्र को सरकार की मदद के बावजूद कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें प्रमुख समस्या बुनियादी ढांचे की कमी है। इस योजना को उद्योग द्वारा सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, यह योजना चिकित्सा उपकरण उद्योग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करेगी, जिसमें प्रमुख घटकों और सहायक उपकरणों का निर्माण, कौशल विकास, नैदानिक अध्ययन का समर्थन, सामान्य अवसंरचना का विकास और उद्योग को बढ़ावा देना शामिल है। केंद्र सरकार ने इसे एक गेम चेंजर बताया है, जो न केवल उद्योग की मदद करेगा बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद करेगा। सरकार के अनुसार, मेडिकल डिवाइस उद्योग स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। डायग्नोस्टिक मशीनों से लेकर सर्जिकल उपकरणों और स्टेंट्स से लेकर प्रोस्थेटिक्स तक चिकित्सा उपकरण रोगों की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# झारखंड और महाराष्ट्र में बनेगी एनडीए की सरकार

**पटना ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व क्षमता की सराहना की और विश्वास जताया कि एनडीए आगामी विधानसभा चुनावों में झारखंड और महाराष्ट्र में भी अपनी सरकार बनाएगी। चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से कई राज्यों में एनडीए को जीत दिलाई है, वह उनके मजबूत नेतृत्व का



नतीजा है। चिराग पासवान ने कहा कि हरियाणा, झारखंड और आने वाले दिनों में महाराष्ट्र जैसे राज्यों में एनडीए के कार्यक्रम और चुनाव प्रचार इसे और मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चुनाव में अपनी भूमिका को शत प्रतिशत तरीके से निभाने में विश्वास रखते हैं और यही कारण है कि उनके नेतृत्व में कई ऐसे राज्य जहां लोग मानते नहीं थे कि एनडीए की सरकार बन सकती है, वहां हमारी सरकारें बनीं। एनडीए की सरकार 23 तारीख को झारखंड और महाराष्ट्र में बनने जा रही है। पासवान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 13 तारीख को दरभंगा और 15 तारीख को जमुई में भी रैली करने वाले हैं।

# भारत एमएसएमई को बढ़ावा देगा-निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को ऐलान किया कि चालू वित्त वर्ष में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को ऋण देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का लक्ष्य 35 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित करेगी कि कोई भी छोटा व्यवसाय ऋण की कमी के कारण पिछड़ न जाए। मंत्री ने यह घोषणा बेंगलुरु में बैंकरों और एमएसएमई के मालिकों के साथ एक कार्यक्रम में की। निर्मला सीतारमण ने कहा, मैं बैंकों को एमएसएमई को ऋण देने के लिए एक नया लक्ष्य देना चाहती हूं। हम इसे 5.7 लाख करोड़ रुपये तक लाना चाहते हैं ताकि इस वर्ष ही रूस्ध्र को ऋण की पहुंच मिले। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी कहा कि अगले वित्त वर्ष में ऋण लक्ष्य बढ़ाकर 6.1 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा और 2027 तक इसे 7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का उद्देश्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वह देश के विभिन्न एमएसएमई क्लस्टरों का दौरा करेंगी।

# दर्दनाक हादसा : सड़क के बीच खड़े ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**नोएडा ( एजेंसी )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर जारी हुए एक वीडियो में बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार को देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक कार सड़क पर खड़े एक खराब ट्रक में पीछे से घुस गई थी। हादसे के बाद हर तरफ चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई मरने वालों में 3 महिलाएं और दो पुरुष शामिल थे। यह हादसा नोएडा से परी चौक जाते समय हुआ। जानकारी के मुताबिक एक तेज रफ्तार वेगनआर कार रोड पर खड़े खराब ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के पूरी तरह



परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे हादसे की जांच कर रही है।

# महाराष्ट्र के लिए एमवीए का घोषणा पत्र, 5 गारंटी

**मुंबई ( एजेंसी )।** महा विकास अघाड़ी ने रविवार को महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। एमवीए ने इसे महाराष्ट्रनामा नाम दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास के लिए हमारे 5 स्तंभ हैं।

महाराष्ट्र का विकास और प्रगति खेती, ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार, शहरी विकास, पर्यावरण और जन कल्याण पर आधारित होगा। खड़गे ने कहा- हम 5 गारंटी दे रहे हैं और यह पूरे महाराष्ट्र के



कल्याण के लिए होंगी। हम हर परिवार को सालाना 3 लाख रुपए की मदद करेंगे। महालक्ष्मी स्कीम महिलाओं को 3 हजार रुपए महीना देगी। महिलाओं के लिए बस सर्विस फ्री रहेगी। हम उन किसानों को 50 हजार रुपए देंगे, जिन्होंने अपना कर्ज वक्त पर चुकाया है। खड़गे बोले- लाल किताब केवल संदर्भ, संविधान नहीं, पीएम को स्कूल में एडमिशन दिलाना जरूरी मेनिफेस्टो जारी करने के बाद खड़गे ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि राहुल गांधी समेत तमाम कांग्रेस नेताओं ने लाल किताब का इस्तेमाल केवल संदर्भ के लिए किया है। यह संपूर्ण संविधान नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- मोदी ने 26 जुलाई, 2017 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को भी ऐसी ही एक प्रति दी थी।

## जसप्रीत बुमराह के इस रिकॉर्ड पर अर्शदीप-हार्दिक की नजरें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली टीम ने आसानी से जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जारी कैलेंडर ईयर में सातवीं बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 202 रन बनाए। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 141 रन ही बना सकी। अफ्रीका की टीम 13 गेंद पहले ही ऑलराउंडर हो गई।

वरुण और रवि ने 3-3 विकेट चटकाए, जबकि आवेश खान को दो और अर्शदीप को एक विकेट मिला। इस सीरीज में अर्शदीप और हार्दिक के पास जसप्रीत बुमराह का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है।

## एमएस धोनी का दिखा कूल अंदाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट से जुड़ा दुनिया का हर शख्स इस समय आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, जो 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जद्दा शहर में होने वाली है। इस सब से दूर भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रहे हैं, एमएस धोनी अपने परिवार के साथ थाईलैंड के बीचों का लुत्फ उठा रहे हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं।

महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों क्रिकेट के शोर-शराबे से दूर थाईलैंड के फुकेट में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। क्रिकेट से ब्रेक लेकर धोनी इन दिनों अपने परिवार के साथ सुकून भले पल बिता रहे हैं। उनकी बेटी जीवा के इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की गई है, जिसमें धोनी ब्लैक स्लीवलेस टी-शर्ट पहने समुद्र के पानी में खड़े हैं। धोनी के चेहरे पर शांति और सुकून साफ दिखाई दे रहा है। उनकी वाइफ साक्षी पिंक स्विमसूट में किनारे पर खड़ी हैं, जो शायद पानी में उतरने के बारे में सोच रही हैं। ये छोटी छुट्टी धोनी के लिए आईपीएल 2025 से पहले तरोताजा होने का अच्छा मौका है। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले धोनी के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। कई फैंस को चिंता थी कि ये सीजन उनके पंसदीदा कप्तान का आखिरी सीजन हो सकता है। लेकिन इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए 31 अक्टूबर को चेन्नई सुपर किंग्स ने धोनी को अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर रिटेन करने का ऐलान किया। फैंस के लिए ये बड़ी राहत की बात थी।

## दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत: दूसरे टी-20 मैच की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अहम आंकड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने पहले टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को 61 रन से हराया।अब दोनों देशों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला 10 नवंबर को सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में होना है।सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में मेहमान टीम इस मैच को भी जीतकर सीरीज में अपनी बढ़त को दोगुना करना चाहेगी।आइए इस मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अन्य बातों के बारे में जानते हैं। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2006 में खेला गया था।अब तक दोनों टीमों के बीच 28 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 11 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और 16 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं। एक मैच बेनतीजा भी रहा है।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर पर भारत को 7 टी-20 मैच में जीत और 3 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

पहले टी-20 में संजू सैमसन ने शतक लगाया था। उनके अलावा तिलक वर्मा ने 33 रन का उपयोगी योगदान दिया था। गेंदबाजी में भारतीय स्पिनरों ने कमाल किया था।

# पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी टीम इंडिया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किया है कि भारतीय टीम 2025 में आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिल रही है। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल 19 फरवरी से शुरू होने वाली है। इसकी मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। इसके मैच पाकिस्तान में तीन स्थानों पर खेली जानी है। हालाँकि, भारतीय बोर्ड ने कथित तौर पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निकाय को सूचित किया है कि टीम भारत सरकार की सलाह के कारण पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करेगी। यह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और आईसीसी को वैकल्पिक योजनाओं की तलाश करने के लिए मजबूर करेगा और टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करना उनमें से एक हो सकता है। उस टूर्नामेंट में भी टीम को पाकिस्तान भेजने से बीसीसीआई के इनकार के बाद एशिया कप 2023 भी पाकिस्तान और श्रीलंका में हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईसीसी को बीसीसीआई के फैसले के बारे में पहले ही सप्ताह में सूचित कर दिया गया था, हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि भारतीय बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय बोर्ड को अपने फैसले के बारे में मौखिक रूप से सूचित किया है या नहीं। आईसीसी शायद लिखित संचार की तलाश में है।

इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्पष्ट रूप से इस बात से इनकार किया कि उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से कोई औपचारिक संदेश मिला है कि उनकी राष्ट्रीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। बृहस्पतिवार को पीसीबी के सूत्रों ने दावा किया था कि भारत ने 'हाइब्रिड मॉडल' चुना है जहां उनके सभी मैच दुबई में होंगे। हाइब्रिड मॉडल को 2023 एशिया कप के दौरान भी अपनाया गया था जहां पाकिस्तान ने अपने मैच घरेलू मैदान पर खेले थे लेकिन भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे। शुक्रवार की सुबह बीसीसीआई के सूत्रों ने दावा किया कि भारत ने पहले ही पीसीबी को आधिकारिक तौर पर बता दिया है कि वे पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेंगे लेकिन शाम को नकवी ने गद्दाफी स्टेडियम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात से इनकार किया। वहीं, बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र से संपर्क किया तो उन्होंने जवाब दिया कि यथास्थिति बनी हुई है। पाकिस्तान जाना है या नहीं, इस पर बीसीसीआई को फैसला नहीं करना है बल्कि यह भारतीय सरकार का फैसला है। इस मामले में कुछ भी नहीं बदला है। हम मौजूदा हालात के हिसाब से पाकिस्तान नहीं जा रहे हैं।

# खतरे में है गौतम गंभीर की कोचिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में सूपड़ा साफ होने के बाद टीम इंडिया की चारों तरफ आलोचना हो रही है। वहीं हेड कोच गौतम गंभीर की कोचिंग भी खतरे में दिख रही है। आने वाले दिनों में गौतम गंभीर की अग्निपरीक्षा शुरू होने जा रही है। जिसमें ये कहना गलत होगा कि उनके पास बस एक मौका है जिससे उन्हें खुद को साबित करना पड़ेगा।

दरअसल, 22 नवंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज होगी।

जिसमें भारतीय टीम को हर हाल में जीतना होगा, इसी से गौतम गंभीर का पद बच सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद से लगातार उनकी कोचिंग शैली की चर्चा है। अब एक रिपोर्ट भा सामने आई है जिसमें कहा गया है कि अगर टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुरी तरह से हारती है तो गौतम गंभीर को टेस्ट टीम के हेड कोच के पद से बर्खास्त किया जा सकता है।

दैनिक जागरण की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ता है तो बीसीसीआई लाल गेंद और सफेद गेंद के दो अलग-अलग कोच रखने की रणनीति अपना सकता है।

रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि अगर गौतम गंभीर से टेस्ट टीम की जिम्मेदारी छीनी जाती है तो उनके रिप्लेसमेंट के रूप में एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को ये जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

हर किसी की नजरें इसी पर होगी कि टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर धमाकेदार कमबैक करे और कंगारूओं की लगातार तीसरी बार उन्हीं की धरती पर हराए। भारत ने पिछले दो ऑस्ट्रेलिया दौरों पर मेजबान टीम को सीरीज में हराया है। अगर टीम इंडिया 5 में से 4 मैच जीतने में कामयाब हो जाती है वह लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी प्रवेश कर सकती है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट खेलेंगे या नहीं रोहित शर्मा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम 5 टेस्ट मैचौं की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। दोनों टीमों के तहत 5 मैचों के तहत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज 22 नवंबर से होगा। लेकिन अगले कुछ ही दिनों में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो जाएगी। ताकि वहां के हालत में खुद को बेहतर ढाल सके। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट खेलेंगे और वह टीम इंडिया के साथ ही उड़ान भरेंगे? कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित टीम इंडिया के खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित शर्मा जल्द ही पिता बनने वाले हैं। इस कारण वह पर्थ टेस्ट मिस कर सकते हैं। हालांकि, रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया जाएंगे, लेकिन पहले टेस्ट में खेलने के आसार कम हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया सीरीज के शुरुआती मैचों में रोहित शर्मा से उपलब्धता के बारे में पूछा गया। जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि ये अभी निश्चित नहीं है, लेकिन देखता हूं आगे क्या होता है। हालांकि, इस वक्त तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि निजी कारणों के चलते वह पर्थ टेस्ट में नहीं खेलेंगे। फिलहाल, पिछले दिनों भारतीय टीम को अपने घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। कीवी टीम ने 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत का सूपड़ा साफ कर इतिहास रच दिया। इस हार के बाद भारत के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राहें बेहद मुश्किल हो गई हैं आअब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 4 टेस्ट जीतने होंगे।

## साक्षी मलिक ने अपनी किताब का नाम विटनेस क्यों रखा? खुद किए ऐसे खुलासे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लिए ओलंपिक मेडल जीत चुकी महिला पहलवान साक्षी पहलवान साक्षी मलिक के जीवन पर आधारित किताब विटनेस अब सबके सामने आ चुकी है जिसमें उन्होंने अपने जीवन से जुड़ी लगभग हर घटना का जिक्र किया है जिसमें उनके करियर, उनकी शादी, उनके संघर्ष यानी हर चीज के बारे में विस्तार से चर्चा की गई है। अब इन सारी बातों के बीच साक्षी मलिक ने खेल पत्रकार बोरिया मजूमदार से बात की और उन्हें बताया कि उन्होंने रेसलिंग से रिटायमेंट क्यों ली और अपनी किताब का नाम विटनेस क्यों रखा। साक्षी मलिक से पूछा गया कि उन्होंने रेसलिंग से रिटायमेंट का ऐलान इतनी जल्दी क्यों किया साथ ही उन्होंने अपनी किताब का नाम विटनेस क्यों रखा। इस सवाल का जवाब देते हुए साक्षी मलिक ने कहा कि मेरे नाम का मतलब भी विटनेस ही है, तो इससे बेहतर मुझे इस किताब का नाम कोई समझ में नहीं आया। मुझे विटनेस नाम काफी अच्छा लगा और इसकी वजह से इसका नाम ये रखा गया। मैंने किताब में जो भी बातें लिखी है सबमें सच्चाई है और मैं हमेशा से ही सच बोलने में विश्वास रखती हूं और इसका परिणाम जो भी हो वो बाद में देखा जाएगा, लेकिन मेरा मोटिव ये रहता है कि जो भी सच है पहले उसे बोला जाए। इसके बाद साक्षी मलिक ने रेसलिंग के रिटायमेंट के बारे में बात करते हुए कहा कि रिटायमेंट के बारे में मैं अगर बताऊं तो डेढ़ साल संघर्ष करने के बाद, रोड पर सोने के बाद इसके बाद भी फेडरेशन उसी के हाथ में जाना, तो वो मुझे लगा कि नहीं, अब मुझे उन्हीं लोगों के बीच में रहकर रेसलिंग नहीं कर सकती हूं। तो मैंने सोचा कि मैं अब रेसलिंग से रिटायरमेंट ले लेती हूं। हालांकि, फाइट मेरी जारी है और इन चीजों के बार में जो जूनियर लड़कियां हैं उन्हें जानकारी देती रहती हूं। मैं चाहूंगी कि फेडरेशन में बदलाव हो इसके बारे में लगातार बातचीत करती रहती हूं।

# एसए के खिलाफ डरबन नें धमाकेदार प्रदर्शन के बाद संजू सैमसन ने किया खुलासा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शुरू में लगातार असफलताओं के कारण उन्हें अपनी क्षमता पर संदेह हो गया था लेकिन कप्तान और कोच के समर्थन से वह मजबूत वापसी करने में सफल रहे। सैमसन ने शुक्रवार को डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 50 गेंद पर 107 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने ये मैच 61 रन से जीता।

संजू ने इस दौरान कहा कि, मैंने अपने करियर में कई असफलताओं का सामना किया है। मुझे लगता है कि जब आप उस असफलता से गुजरते हैं, तो आपके मन में बहुत सारे संदेह पैदा हो जाते हैं। सोशल मीडिया भी निश्चित तौर पर अपनी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि, लेकिन आप भी खुद के बारे में बहुत कुछ सोचते हैं। संजू, क्या आप अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए नहीं बने हैं? मुझे लगता है कि आप आईपीएल में अच्छा कर रहे हैं। आप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रहे हैं? इसलिए मेरे मन में ऐसे बहुत सारे सवाल उठ रहे थे। लेकिन इतने सालों के अनुभव के बाद मुझे पता था कि मैं क्या कर सकता हूं। सैमसन ने कहा कि, अगर मैं क्रीज पर कुछ समय बिताता हूं, तो मेरे पास स्पिन और तेज गेंदबाजों पर शॉट लगाने की क्षमता है और मैं जानता हूं कि मैं निश्चित रूप से टीम के लिए अच्छा योगदान दे सकता हूं। मैं मैच जीत सकता हूं ये भी एक वास्तविकता है। निश्चित रूप से हैं बहुत सारे उतार-चढ़ाव रहे हैं, लेकिन इसका उल्टा भी वास्तव में अच्छा है। मैं खुद से यही कहता रहा।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ध्रूव जुरैल रहे सबसे सफल बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों की अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज खेली, लेकिन दोनों ही मैचों में भारत को हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से हराया तो वहीं दूसरी मैच में भारत को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

इस टेस्ट सीरीज के दौरान भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन स्तरीय नहीं रहा और अभिमन्यू ईश्वरन, साई सुदर्शन, केएल राहुल, ऋतुराज गायकवाड़ देवदत्त पडीक्कल, इशान किशन जैसे बल्लेबाजों ने निराश किया। हालांकि, इस सीरीज के दूसरे मैच में ध्रुव जुरैल को मौका मिला और वो सबसे ज्यादा रन बनानए वाले बल्लेबाज के रूप में उभरे। इस सीरीज के दूसरे मैच में ध्रुव जुरैल को इंडिया ए टीम का हिस्सा बनाया गया और उन्हें इशान किशन की जगह पर टीम में शामिल किया गया और उन्होंने इस मैच की दोनों



पारियों में प्रभावी बल्लेबाजी की और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बने। दूसरे मैच में भी जहां अन्य भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझते नजर आए तो वहीं ध्रुव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में 80 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में भी उन्होंने सबसे ज्यादा 68 रन बनाए।

इन दो पारियों को मिलाकर उन्होंने कुल 148 रन बनाए और इस टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे। ध्रुव के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर देवदत्त पडीक्कल रहे जिन्होंने 4 पारियों में 151 रन बनाए तो वहीं साई सुदर्शन ने 4 पारियों में 127 रन बनाए और तीसरे स्थान पर रहे। भारत की तरफ से इस टेस्ट सीरीज में सबसे सफल गेंदबाज मुकेश कुमार रहे जिन्होंने 11 विकेट अपने नाम किए।

# तीन महीने के मासूम की पटक-पटककर हत्या

## पिता से बदला लेने के लिए बेटे को मार डाला, मां के पास से चुराकर ले गया था आरोपी





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना में एक युवक ने तीन महीने के मासूम की सड़क पर पटक-पटककर हत्या कर दी। आरोपी का एक हफ्ते पहले उसके पिता से विवाद हुआ था। इसका बदला लेने के लिए आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी बच्चे को उसकी मां के पास से उठाकर ले गया था।

दरअसल, 7 नवंबर को पन्नीलाल चौक के पास रामा मेडिकल के सामने तीन महीने के बच्चे का शव मिला था। जांच में उसकी शिनाख्त स्टेशन पर गुटखा बेचने वाले प्रिंस पांडेय के बेटे शिवा के रूप में हुई। पुलिस ने मासूम की हत्या के आरोप में वीरेंद्र उर्फ छोटू चौधरी को गिरफ्तार किया। रविवार को पूरे मामले का खुलासा किया।

**मां के पास सो रहा था बच्चा:** सतना जीआरपी प्रभारी एसआई राजेश राज ने बताया कि स्टेशन के हनुमान मंदिर के पास से 6-7 नवंबर की रात वीरेंद्र ने प्रिंस के बेटे को उस वक्त चुरा लिया था, जब वह अपनी मां पिंकी पांडेय के बगल में सो रहा था।

सुबह प्रिंस और पिंकी ने बेटे की तलाश करते हुए थाने में शिकायत कराई। उसी दिन पन्नीलाल चौक के पास 3 माह के बच्चे का शव मिला। सिटी कोतवाली पुलिस से सूचना मिलने पर जीआरपी ने प्रिंस को बुलाया और मर्चुरी में बच्चे की पहचान कराई। वह शव प्रिंस के बेटे शिव का ही था।

**सीसीटीवी से आरोपी की पहचान हुई:** पुलिस ने जांच के दौरान शहर के बाजार क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाले। उसमें एक युवक बच्चे को लेकर जाता दिखा। पुलिस ने प्रिंस को फुटेज दिखाया तो पता चला कि बच्चे के साथ दिख रहा युवक वीरेंद्र उर्फ छोटू चौधरी है। वह स्टेशन क्षेत्र में ही घूमता रहता है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। इस बीच पता चला कि वीरेंद्र की मां सिविल लाइन में एक मटन शॉप में काम करती हैं। आरोपी उसके पास पैसे लेने जाने वाला था।

**पुलिस ने पीछाकर आरोपी को पकड़ा:** पुलिस आरोपी की मां जहां काम करती है, वहां की निगरानी की। आरोपी वहां पहुंचा भी लेकिन पुलिस को देखकर भाग गया। पुलिस ने पीछाकर आरोपी को रेलवे के स्टेडियम के पास पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने बच्चे को चुराकर उसकी हत्या करने की बात कबूल की।

**हत्या के बाद बोरी से ढंका शव:** पूछताछ के दौरान आरोपी वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि15 दिन पहले बच्चे के पिता प्रिंस पांडेय से उसका विवाद हुआ था। प्रिंस ने उसके साथ मारपीट की थी। तभी से वह बदला लेने की फिराक में था। 6-7 नवंबर की दरमियानी प्रिंस की पत्नी पिंकी अपने बेटे के साथ बगल में सो रही थी।

इसी दौरान वीरेंद्र ने पिंकी के नींद का फायदा उठाकर रात करीब 3 बजे शिव को वहां से उठाकर बाजार की ओर चला गया। रास्ते मे उसने बच्चे को तीन-चार बार सड़क पर पटका। शव को बोरी से ढंक कर उस पर पत्थर रख दिया और वहां से भाग गया।

## दो रेप मामलों में होगा डीएनए टेस्ट

### नर्स के साथ दुष्कर्म में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, सैंपल रिजल्ट आने के बाद होगी कार्रवाई




**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** जिले के बरगढ़ थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक नर्स को दिनदहाड़े अस्पताल जाते समय रास्ते में रोका गया, पीटा गया और फिर रेलवे ट्रैक पर फेंककर दुष्कर्म किया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम को गिरफ्तार कर लिया है, जो शंकरगढ़, प्रयागराज का निवासी है।

पुलिस का दावा है कि शुभम ने अकेले ही इस पूरी वारदात को अंजाम दिया, लेकिन पीड़िता और उसके परिवार का मानना है कि इस कांड में कुछ और लोग भी शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। घटना के बाद पुलिस ने मामले की गहराई से जांच के लिए डीएनए जांच का आदेश दिया है। आरोपी और पीड़िता के डीएनए सैंपल लेकर लैब भेजे गए हैं, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके और मामले में ठोस सबूत जुटाए जा सकें।

**भरतकूप में रिश्ते में चाचा ने किया दुष्कर्म:** इसी प्रकार की एक और दर्दनाक घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के एक गांव में सामने आई है। यहां रिश्ते में चाचा लगने वाले आरोपी ने घर में घुसकर आठ महीने की मासूम और उसकी मूकबधिर मां के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में आरोपी राजनारायण सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में भी डीएनए सैंपलिंग कराई है और मां-बेटी व आरोपी के सैंपल लैब भेजे गए हैं।

**पुलिस की सख्त कार्रवाई का आश्वासन:** पुलिस का कहना है कि डीएनए जांच के परिणाम आने के बाद दोनों मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और इस मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। इन घटनाओं ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है और स्थानीय समुदाय में आक्रोश का माहौल है।

### रानीपुर टाइगर रिजर्व के उद्घाटन पर उठे सवाल

## चोरी की गाड़ी से टाइगर रिजर्व मंत्री को घुमाने का आरोप, नंबर प्लेट अलग-अलग




**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट जिले में वन विभाग की कार्यशैली पर फिर से सवाल उठ रहे हैं। 6 नवंबर को रानीपुर टाइगर रिजर्व का उद्घाटन करने आए मंत्री मनोहर लाल कोरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दावा किया गया है कि मंत्री को टाइगर रिजर्व में जिस जीप में घुमाया गया, वह गाड़ी चोरी की थी। वीडियो में दिख रहा है कि मंत्री और अधिकारी जिस जीप में बैठे हैं, उसके आगे और पीछे की नंबर प्लेट पर अलग-अलग नंबर हैं। इस कारण यह मामला और विवादास्पद हो गया है। लोग इसे वन विभाग की लापरवाही का एक और उदाहरण बता रहे हैं।

**वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे:** वन विभाग पहले भी विवादों में रहा है। हाल ही में, स्काई पुल निर्माण का मामला चर्चा में था। जिसमें निर्माण करने वाली फर्म को पूरी पेमेंट दे दी गई थी, लेकिन उद्घाटन से पहले ही पुल में दरारें आ गईं थीं। विपक्ष ने इस पर वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे।

वन विभाग के डीएफओ ने सफाई देते हुए कहा है कि गाड़ी चोरी की नहीं है। इसके सभी दस्तावेज विभाग के पास मौजूद हैं।

# मददगार ही निकला लुटेरा

## लिफ्ट देने के बहाने चाकू मार कर महिला को लूटा, लोगों को सुनाई झूठी कहानी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर के दसईपुर में शुक्रवार की रात महिला को चाकू मारकर लूटे जाने की वारदात को किसी और ने नहीं बल्कि मददगार बन कर उसे अपनी बाइक पर लिफ्ट देने वाले ने ही अंजाम दिया था। आरोपी ने वारदात के बाद दिखावा भी खूब किया और पुलिस समेत अन्य लोगों को कहानी भी सुनाई लेकिन उसकी होशियारी काम नहीं आई। पुलिस ने उसे पकड़ ही लिया।

पुलिस के मुताबिक, मैहर कोतवाली अंतर्गत दसईपुर में शुक्रवार की रात ग्राम गोरइया निवासी सरोज पटेल के साथ हुई लूट और चाकूबाजी की घटना को उसे लिफ्ट देने वाले उसके गांव के ही राजकुमार पटेल पिता गणेश पटेल (46) निवासी गोरइया ने अंजाम दिया था। उसने ही मैहर - कटनी मार्ग पर धतूरा मोड़ से आगे महिला के गले मे चाकू मार कर नगदी और उसके जेवर लूटे थे। उसे पता था कि महिला जेवर खरीदने गई थी। आरोपी के कब्जे से दो सोने के नए टॉप्स ,2 सोने के पुराने टॉप्स, चार लॉकेट वाला एक मंगलसूत्र तथा 1100 रुपए केश बरामद कर ली है।

पुलिस ने बताया कि सरोज पटेल अपने गांव से खरीदारी करने उचेहरा गई थी। मैहर में उसकी मुलाकात अपने ही गांव के राजकुमार पटेल से हो गई। राजकुमार ने उसे बताया कि वह भी उचेहरा जा रहा है लिहाजा महिला उसके साथ उसकी बाइक पर बैठ गई। लौटते वक्त आरोपी में धतूरा मोड़ के पास सुनसान जगह पर अपनी नेशनल हाईवे से नीचे उतार दी और अंधेरे वाले स्थान पर ले गया। वहां उसने महिला के जेवर छीनने की कोशिश की तो आरोपी ने चाकू से उसकी गर्दन पर वार कर दिया।

महिला के घायल होने पर वह उसके जेवर लेकर भाग गया। बाद में उसी जगह वापस पहुंच कर उसने लोगों को कहानी सुनाई कि दो बाइकों पर सवार होकर आए 6 अज्ञात बदमाशों ने वारदात की है। बदमाशों ने उसे भी चाकू दिखाया था जिसके कारण वह भाग गया था।

पुलिस ने जब जांच शुरू की और साइबर सेल की भी मदद ली तो राजकुमार ही सन्देह के दायरे में आया। पुलिस ने उसकी तलाश में रात भर छापेमारी की और शनिवार को उसे दबोच लिया।

### 5 साल के अयांश ने बनाया धनुष चौराहे का मॉडल

## सबको कर दिया हैरान, फेमस मंदिर और अस्पताल भी दिखाए




**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** कहते हैं कि हुनर किसी उम्र का मोहताज नहीं होता, इसे सच कर दिखाया है नगर के किंग्सन इंग्लिश स्कूल के नन्हें छात्र अयांश सोनकर ने। महज 5 वर्ष की उम्र में नर्सरी का यह छात्र पूरे जिले का गौरव बन गया है। अपने हुनर से अयांश ने चित्रकूट धाम के धनुष चौराहे का सेम मॉडल तैयार किया है। जिसने न सिर्फ स्कूल बल्कि सोशल मीडिया पर भी वाहवाही लूटी है।

किंग्सन इंग्लिश स्कूल में 11 और 12 नवंबर को विज्ञान और क्राफ्ट की प्रदर्शनी आयोजित होने वाली है। जिसमें स्कूल के सभी छात्रों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट्स बनाकर प्रस्तुत किए हैं। इनमें सबसे खास अयांश सोनकर का प्रोजेक्ट है। जिसने सभी का दिल जीत लिया है। अयांश ने अपने मॉडल में चित्रकूट धाम के प्रसिद्ध मंदिर, अस्पताल और धनुष चौराहा का अद्भुत चित्रण किया है।

**बच्चे के इस हुनर की जमकर सराहना हो रही है:** प्रोजेक्ट में नन्हें अयांश ने न केवल चित्रकूट धाम की खूबसूरती को उकेरा है। बल्कि सड़क पर यातायात के नियमों का भी संदेश दिया है। इतनी छोटी उम्र में अयांश ने अपने काम से सभी को हैरत में डाल दिया है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षक जहां उसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया पर भी बच्चे के इस हुनर की जमकर सराहना हो रही है।

स्कूल के प्रबंधक मिनहाज आलम और अध्यापकों ने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसके इस योगदान को सराहा है।

# जिले में नरवाई जलाने पर पाबंदी बेअसर

## 10 दिनों में 36 स्थानों पर सेटेलाइट में रिकार्ड हुईं पराली जलाने की घटनाएं



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** खेतों में नरवाई यानी पराली जलाने पर सतना जिले में लगाई गई पाबंदी बेअसर साबित हो रही है। कलेक्टर के स्पष्ट आदेश और दांडिक कार्रवाई की चेतावनी के बावजूद ऐसी घटनाएं थम नहीं रहीं। हाल ही में 10 दिनों के अंदर जिले में 36 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनाएं सैटेलाइट में रिकार्ड हुई हैं।

कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनिटरिंग की रिपोर्ट अनुसार डीडीए मनोज कश्यप ने बताया कि जिले के अलग-अलग अनुविभागों में 23 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक 36 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनाएं रिकॉर्ड की गई हैं।

जिसमें नागौद में 10, उचेहरा में 7, रामपुर बघेलान में 6, रघुराजनगर में 7, अमरपाटन में 1, मैहर में 1, बिरसिंहपुर में 2, मझगवां में 1 और कोठी में 2 नरवाई जलाने की घटनाएं रिकार्ड की गई हैं। उप संचालक कृषि ने संबंधित क्षेत्रों के अनुविभागीय दंडाधिकारियों ( एसडीएम ) को सैटेलाइट मॉनिटरिंग की रिपोर्ट भेजी है। साथ ही जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर सतना के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करने की सिफारिश भी की है।

बता दें कि जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर रखा हैं। कलेक्टर ने अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना लगाने और आग के कारण का पंचनामा तैयार कर ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

## खाते में लाड़ली बहना योजना की राषि आने से अब डिजिटल लेन-देन करने लगी है सुधा दुबे

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** म.प्र. सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बेटियों की शिक्षा को नया आयाम दिया। इसके बाद लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं के आर्थिक आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया। सतना जिले में लाखों महिलाएं लाड़ली बहना योजना से हर माह मिलने वाली राशि से अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने के साथ बचत भी कर रही हैं। ऐसी ही हितग्राही सतना शहर के प्रेमनगर मोहल्ले में रहने वाली सुधा दुबे शामिल हैं। सुधा को हर महीने 10 तारीख या इससे पहले लाड़ली बहना की किस्त नियमित रूप से मिल रही है।

सुधा दुबे ने बताया कि शासन ने महिलाओं के लिए बहुत अच्छी योजना शुरू की है। जबसे लाड़ली बहना योजना से रुपए मिलना शुरू हुए हैं तबसे घर की छोटी-छोटी जरूरतें सहजता से पूरी हो रही है। खाते में राशि आने से हम अब डिजिटल लेन-देन भी करने लगे हैं। सुधा ने बताया कि पहले मुझे अपनी बच्ची की फीस जमा करने स्कूल जाना पडता था लेकिन अब घर बैठे ही आनलाइन फीस जमा कर देती हूं। जिससे समय और आने-जाने का किराया बच रहा है। इसके अलावा कुछ और छोटे-मोटे लेन-देन मैं मोबाइल के माध्यम से करने लगी हूं। योजना का लाभ देकर जीवन में आये इस बदलाव के लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करती हूँ।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से अभिशेक सिंह को मिला ऋण

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से लाभांवित निवासी विकासखण्ड नागौद अंतर्गत ग्राम पुरवा, पोस्ट सिंहपुर अभिषेक सिंह पिता राजा सिंह उम्र 28 वर्ष ने बताया कि अपने गांव में रहकर ग्रामीण क्षेत्र में कुछ ऐसा व्यवसाय करना चाहता था। इसके लिए मुझे अन्य स्थान में जाना न पड़े एवं साथ-साथ कृषि भी कर सकू। इसके लिए अभिषेक सिंह ने जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र, सतना में संपर्क किया। उद्योग केंद्र द्वारा मध्यप्रदेश शासन की उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत कस्टम हायरिंग (हार्वेस्टर) ऋण लेने हेतु सलाह दी गई। जिला उद्योग केंद्र एवं बैंक के अधिकारीयों के सहयोग से मुझे भारतीय स्टेट बैंक से निर्धारित समय पर इस योजना में लाभ 20 लाख रूपये का ऋण हार्वेस्टर हेतु प्राप्त हुआ।

अभिषेक सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुझे बैंक को अदा की गई ब्ळ्ज्डैम् फीस की प्रतिपूर्ति भी की गई है एवं प्रत्येक त्रैमासिक मेरे द्वारा दिये गये ब्याज का लगभग एक तिहाई (3 प्रतिशत ब्याज अनुदान) प्राप्त हो रहा है। शासन द्वारा दिए गए अनुदान से मुझे ऋण चुकाने में मदद मिल रही है एवं व्यवसाय में प्रगति भी हो रही है। अब अपने ग्राम में कृषि करते हुए सफलतापूर्वक व्यवसाय भी कर रहा हूँ और साथ ही अन्य 3 व्यक्तियों को रोजगार दे रहा हूँ। निकट भविष्य में कार्य की मांग को देखते हुए व्यवसाय से प्राप्त लाभ से और भी उपकरण क्रय कर व्यवसाय बढ़ाने की योजना है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से लाभांवित होकर अभिषेक सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

# कम उपजाऊ और परती जमीनों से किसानों को होगी लाखों की आय: उप मुख्यमंत्री

## रीवा में तीन ग्रीन एनर्जी प्लांट लगाने के लिए सरलता से मिलेगी पराली : उप मुख्यमंत्री

### ग्रीन एनर्जी प्लांट नरवाई और पराली बनायेगा उपयोगी : उप मुख्यमंत्री



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा, सतना और मऊगंज जिलों में बाणसागर बाध की नहरों से सिंचाई के बाद धान और गेंहू का विपुल उत्पादन हो रहा है। ग्रीन एनर्जी प्लांट में धान के पैरे (पराली) से बिजली और जैविक खाद बनायी जायेगी। रीवा जिले में तीन ग्रीन एनर्जी प्लांट लगाने के लिए पराली पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। गुढ़ में प्रस्तावित ग्रीन एनर्जी प्लांट का कार्य तत्काल शुरू करें। इस प्लांट के लिए कच्चा माल पराली और कम उपजाऊ क्षेत्र में नेवियर घास उगाकर आसानी से उपलब्ध हो जायेगा। ग्रीन एनर्जी प्लांट स्थापित होने से किसानों की कम उपजाऊ और परती जमीनों से भी लाखों की आय होगी। कंपनी सर्वे का कार्य शीघ्र पूरा करके वास्तविक निर्माण कार्य शुरू करायें। इस प्लांट की स्थापना से जिले में नरवाई जलाने और पराली के समस्या का भी समाधान होगा। किसान के लिए अब धान के साथ-साथ उसका पैरा भी आमदनी देगा। मऊगंज जिले में प्लांट के लिए एक हजार हेक्टेयर की जमीन उपलब्ध है। जमीन प्राप्त करने तथा प्लांट के लिए 7 दिन में आवेदन करें। गुढ़ में दो और सिरमौर में एक प्लांट लगाने की कार्य योजना को मूर्त रूप दें।

बैठक में कलेक्टर मऊगंज ने बताया कि ग्रीन एनर्जी प्लांट के लिए बदवार सीतापुर रोड में एक हजार हेक्टेयर जमीन उपलब्ध है। इसमें से 95 प्रतिशत जमीन निजी भूमि है। किसान अच्छी आय प्राप्त होने पर सरलता से दे देगें। किसानों से अनुबंध के आधार पर जमीनें मिल जायेगी। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि तीन प्लांट लगाने के लिए पर्याप्त पराली उपलब्ध है। गेंहू के फसल अवशेष तथा वनों से प्राप्त अनुपयोगी पौधों का भी ग्रीन एनर्जी प्लांट में उपयोग किया जा सकता है। गुढ़ प्लांट को सीधी जिले के धान उत्पादक चुरहट और रामपुर नैकिन क्षेत्र के रीवा से जुड़े हुए गांव से भी पराली मिल जायेगी। कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा ने बताया कि नगौद में ग्रीन एनर्जी प्लांट का कार्य जारी है।

बैठक में रिलायंस ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि अशोक खरे तथा विजित झा ने बताया कि हमारी कंपनी रीवा और सतना जिले में दस ग्रीन एनर्जी प्लांट स्थापित करना चाहती है इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। इस प्लांट में कच्चे माल के रूप में गेंहू और धान के फसल अवशेष पराली का उपयोग किया जायेगा। एक प्लांट के लिए 22 हजार मैट्रिक टन पराली की आवश्यकता होगी। पराली के साथ परती तथा अनुपयोगी जमीन पर आसानी से उगने वाली नेपियर घास का भी कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जायेगा। ग्रीन एनर्जी प्लांट से कम्प्रेस, बायोगैस, हाइड्रोजन तथा मैथेलान का उत्पादन होगा। साथ ही इससे जैविक खाद का भी बड़े पैमाने पर उत्पादन होगा। किसानों की पराली को कम्प्रेस करके कच्चा माल के रूप में बनाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता होगी। इससे रोजगार का सृजन होगा। किसानों की परती और कम उपजाऊ जमीन भी अच्छा लाभ देगी। किसानों से अनुबंध के आधार पर नेपियर घास की खेती करायी जायेगी। ग्रीन एनर्जी प्लांट ऊर्जा उत्पादन के साथ किसानों की तकदीर भी बदल देगा।

## मुकुंदपुर व्हाईट टाइगर सफारी में पर्यटकों के भ्रमण हेतु आज से नई दरे लागू

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर के संचालक ने बताया कि व्हाइट टाइगर सफारी पर्यटकों के भ्रमण के लिए 11 नवम्बर से नई दरे लागू की गई हैं। पर्यटकों के लिए प्रवेश शुल्क में पैदल भ्रमण 25 रूपये एवं जू मुकुन्दपुर की साइकिल द्वारा भ्रमण हेतु प्रति व्यक्ति 40 रूपये निर्धारित की गई है। इसी प्रकार गोल्फ कार्ट से भ्रमण (दरें प्रवेश शुल्क के अतिरिक्त प्रति व्यक्ति) 60 रूपये, 5 से 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए 40 रूपये, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए प्रवेश निःशुल्क तथा पूरी गोल्फ कार्ट (अधिकतम 6 व्यक्ति) के लिए 400 रूपये की प्रवेश शुल्क निर्धारित की गई है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।